धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

04.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 174



12 सोनू सूद की फिल्म फतेह का गाना हीर हुआ रिलीज

## न्यूज डायरी

### हेमंत की याचिका पर चार सप्ताह बाद सुनवाई

**रांची।** हेमंत सोरेन के विरुद्ध इडी की शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा लिये गए संज्ञान और समन जारी करने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर अब चार सप्ताह बाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने श्री सोरेन को जवाब दाखिल करने का समय दिया है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

### सीएससी में नहीं भरायेगा मंईयां योजना का फॉर्म

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म अब सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में नहीं भरा जा सकेगा। राज्य सरकार ने सीएससी के साथ करार रद्द कर दिया है। महिला बाल विकास विभाग की निदेशक समीरा एस के हस्ताक्षर से जारी आदेश में यह जानकारी दी गयी। इसके लिए नयी व्यवस्था की जा रही है। नामकुम में छह को सीएम मंईयां सम्मान योजना के तहत राशि ट्रांसफर करेंगे।

### कोडरमा में 71 पोषण सखी को मिला नियुक्ति पत्र

**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड शुक्रवार को प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण सखियों के बीच पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 88 में से 71 पोषण सखी को पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

### शहादत दिवस पर रणधीर वर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** जांबाज एसपी रणधीर वर्मा के 34वें शहादत दिवस पर राज्यपाल संतोष गंगवार समेत कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर उनकी प्रतिमा के समक्ष विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### मनमोहन सिंह की याद में अखंड पाठ आयोजित

**नयी दिल्ली।** पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में उनके आवास पर शुक्रवार को अखंड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |




# सर्द हवाओं ने बढ़ा दी ठिठुरन, कांके का पारा 3.3 डिग्री

### कनकनी से शीघ्र राहत की उम्मीद नहीं, रांची का पारा 6.6, तो खूंटी का 5.3 डिग्री रहा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश के उत्तर-पश्चिमी दिशा से झारखंड आ रही ठंडी हवाओं के कारण पूरा झारखंड शीतलहर से कंपकंपा रह है। ठंडी हवाएं कहर बरपा रही हैं। वहीं घने कोहरे ने स्थिति और विकट कर दी है। राज्य के तमाम जिलों में पारा पारा लगातार नीचे जा रहा है। राजधानी रांची के कांके का का पारा तो शुक्रवार को लुढ़क कर 3.3 डिग्री तक पहुंच गया। खूंटी का पारा 5.3 डिग्री तक जा पहुंचा। रांची में न्यनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी ठंड से राहत की संभावना नहीं है। शनिवार को भी सुबह में धुंध और कोहरा छाया रह सकता है। जमशेदपुर और डालटनगंज में भी सुबह कोहरा छाया रहेगा। बादल भी छाए रहने की संभावना है।

**हवा में बढ़ी कनकनी :** मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण झारखंड के तमाम जिलों में कनकनी बढ़ गयी है। कांके और मैकलुस्कीगंज में हवा में कनकनी के साथ तापमान में भी गिरावट आयी है। शुक्रवार को कांके का न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं हवा की गति 4.2 किमी रिकॉर्ड की गयी। मैकलुस्कीगंज में शुक्रवार की सुबह न्यूनतम तापमान पांच डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री रहा। लोग अलाव तापते देखे हर जगह नजर आते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से अगले दो दिन तक न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेंटीग्रेड तक वृद्धि हो सकती है। राज्य के अधिसंख्य जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीच है।

### पलामू में कोहरे का कहर, एनएच पर बस और ट्रक में भीषण टक्कर

# तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा (पलामू)।** जिले में भीषण कोहरने का कहर जारी है। कोहरे के कारण ही शुक्रवार को तड़के एनएच पर दो वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गयी। घने कोहरे के कारण सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया के समीप कसियाडीह मोड़ पर एक बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी। यह टक्कर जेपीएस नामक बस और एक ट्रक में हुई। मृतकों में एक ट्रक ड्राइवर और एक बस सवारी का नाम शामिल है। करीब दो दर्जन भर यात्री जख्मी हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है। उन्हें रिम्स रेफर किया गया है। ईलाज स्थानीय नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में चल रहा है। घटना की सूचना के बाद सतबरवा थाना के एसआई रामकुमार उपाध्याय और एएसआई राजीव रंजन पुलिस बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से सभी यात्रियों को नवजीवन अस्पताल भेजा गया।

मृतक की पहचान यूपी एटा निवासी ट्रक चालक निवासी पुष्पेंद्र कुमार (35), सतबरवा थाना के मुक्ता ताबर निवासी रियायत मियां (52) के रूप मे की गयी। तीसरे की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर परिजनो को सूचना दे दी है। बस चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंसा था। उसे सबल के सहयोग से निकाला गया। ट्रक चालक का शव भी मुश्किल से निकाला गया। ट्रक के खलासी अंकित कुमार का पैर क्षतिग्रस्त हो गया है। (शेष पेज 11 पर)

### अबुआ आवास योजना में लापरवाही पर अफसरों को चेताया

# तीसरी किस्त देने में देरी की तो कड़ी कार्रवाई : दीपिका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अफसरों से कहा कि आवास योजना के तहत सभी निमार्णाधीन आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि तीसरी किस्त की राशि देने में देरी हुई हुई तो सख्त कार्रवाई होगी।। मंत्री ने ऐसे अधिकारी व कर्मचारियों की पहचान करने को कहा है जो किस्त के वितरण में लेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मात्र सात दिनों से अधिक का विलंब होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पहले स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### जिलावार रिपोर्ट मांगी

मंत्री ने लाभुकों को तृतीय किस्त राशि वितरण की प्रतिदिन अधिकारियों को समीक्षा करने को कहा। साथ ही जिलावार रिपोर्ट देनेको कहा गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया है लिंटर और ढलाई पूरा हो चुके निर्मणाधीण आवासों को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने प्रभावी तौर से कार्यान्वयन के लिए निर्धारित अंतराल में समीक्षा करने को कहा। वरीय पदाधिकारी क्षेत्र स्तर पर निरीक्षण करें।

### आवास निर्माण में पैसे की कमी नहीं

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास इस मद में पैसे की कमी नहीं है। सरकार ने अपने कोष से अबुआ आवास योजना की मंजूरी दी थी। इसमें करीब 20 लाख से अधिक आवास बनाये जाने हैं। पहले वित्तीय वर्ष में दो लाख आवास योजना की मंजूरी दी गयी है और इस वित्तीय वर्ष 4.50 लाख आवास में से करीब तीन लाख आवास योजना की मंजूरी दी गयी है। अनुसार करीब 2800 करोड़ की राशि दी गयी है। हाल में ही आठ अरब की राशि आवंटित की गयी है। ऐसे में बड़ी राशि जिलों को आवंटित की जा चुकी है।

### चाहता तो मैं शीश महल बना लेता, पर मेरा सपना गरीबों का घर है : मोदी

# दिल्ली वासियों पर दस साल से कायम है आप-दा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को राष्ट्रीय राजधानी वासियों के लिए बड़ी आप-दा करार दिया है। उन्होंने कहा कि कहा कि अन्ना हजारे को आगे करके कट्टर बेईमानों ने खुलेआम घोटाले एवं भ्रष्टाचार किये और उसका जश्न भी मनाया। उन्होंने बिना नाम लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, देश भलीभांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन बीते 10 वर्षों में 4 करोड़ से अधिक लोगों का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, यही सपना था। दिल ली की सरकार आम जनता को लगातार ठगते रही। पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्लीवासियों को सौगात देने को ले कर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 4,500 करोड़ की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में नवनिर्मित फ्लैटों की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी और कहा कि देशवासियों को छत मिले ये उनका सपना है।

**नया साल कीर्तिमानों का होगा :** पीएम मोदी ने कहा, यह वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने का होगा। यह वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वर्ष होगा। (शेष पेज 11 पर)

## नहीं सुधरेगा चीन ! काउंटी बनाने का भारत ने किया कड़ा विरोध

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चीन ने एक बार फिर झिंजियांग में दो नये काउंटी स्थापित करके एक भड़काऊ कदम उठाया है। इनमें से एक काउंटी भारतीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण हिस्से को शामिल करती है, जिसे चीन ने 20वीं सदी के मध्य में तिब्बत पर कब्जा करने के बाद अक्साई चिन में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। यह कदम सामान्यीकरण प्रक्रिया में चीन के इरादों की ईमानदारी के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है। भारत के लिए चिंता का विषय यह भी है कि, चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने का फैसला किया है।

शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हमने चीन के होटन प्रान्त में दो नये काउंटी की स्थापना से संबंधित घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के अधिकार क्षेत्र के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं। इस बात के बढ़ते सबूत कि चीन अविश्वसनीय है, तेजी से स्पष्ट हो रहे हैं। वह इसलिए क्योंकि उनका हाल ही में पीछे हटना और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में नई दिलचस्पी महज रणनीतिक चाल लगती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने इस क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। हमने कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है।

## खूंटी में पीएलएफआइ के तीन नक्सली गिरफ्तार

### बड़ी घटना को अंजाम देने की थी तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय नक्सलियों को खूंटी पुलिस ने जरियागढ़ थाना के बकसपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में कुख्यात नक्सली प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू, कमलेश गोप उर्फ लंबू और राम दयाल सिंह उर्फ करम दयाल सिंह शामिल है। पुलिस ने नक्सलियों के पास से कई हथियार और पीएलएफआई के 14 पर्चे बरामद किये। डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। उन्होंने बताया कि प्रशांत एक साल तक जेल में रहने के बाद हाल में जमानत पर बाहर निकला है और नक्सली गतिविधियों में संलिप्त हो गया। उन्होंने बताया कि एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में बकसपुर जंगल में जमा हुए हैं।

सूचना मिलने के बाद डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जंगल में छापेमारी की गयी और तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## 9वीं पुण्यतिथि

### श्रद्धांजलि

प्रकृतिम स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशम प्रकृतेर्वशात!



### स्व0 कौशल किशोर सिंह

जन्म : 28 जून1947 । स्वर्गवास : 4 जनवरी 2016

हम सब आपकी 9वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन एवं मधुर स्मृतियां आशीर्वाद के रुप में सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगी।

विनीत : विकाश सिंह
के0 के0 बिल्डर्स प्रा0 लि0
के0 के0 आवास प्रा0 लि0
27, न्यु काली माटी रोड
साकची, जमशेदपुर

श्रद्धावनत् :
उर्मिला सिंह (पत्नी), रश्मि सिंह (पुत्र वधु)
आर्या वत्स (पौत्र), अग्रिमा वत्स (पौत्री)
उषा सिंह एवं चन्द्र रश्मि रंजन
निशा सिंह एवं संतोष कुमार
अनिता सिंह एवं आर. के. कुँवर
रेखा सिंह एवं अविनाश कुमार
श्वेता सिंह एवं शत्रुघ्न सिन्हा
अंकिता सिंह एवं कौशल शुभांक
एवं समस्त सिंह परिवार सह कर्मचारीगण

# जहां मूर्ति, वहां नमाज नहीं, संवाद से निकले हल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने भारतीय समाज में सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल की है। मंच ने देश के मुसलमानों से अपील की है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा राष्ट्रहित में 142 करोड़ लोगों के लिए दिए बयान का सम्मान करते हुए, मुसलमानों को भी बड़ा दिल दिखाते हुए भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि अदालतें सर्वोपरि हैं, लेकिन विवादित धर्मस्थलों पर संवाद के माध्यम से हल निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है, आपसी रंजिशें नहीं रहती हैं। मंच का आह्वान है कि जहां कहीं भी दो पक्षों के बीच अदालत में झगड़ा चल रहा है, वहां दोनों पक्ष आपसी संवाद कर आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट करें तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए बेहतर होगा। मंच के राष्ट्रीय संयोजक मंडल ने ऐलान किया कि संवाद के जरिए हिंदुओं की ऐतिहासिक इबादतगाहों को पुनर्स्थापित करते हुए काशी, मथुरा और सम्भल जैसी जगहों पर बने विवादित ढांचों को हिंदू समुदाय को संवाद के माध्यम से सौंपने का समर्थन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, मंच ने कहा कि ऐसी मस्जिदें जहां किसी कारणवश नमाज नहीं हो रही हो या जो वीरान पड़ी हों, वह मुसलमानों को सौंपा जाए ताकि वे उन्हें पुनः स्थापित कर आबाद कर सकें। मंच ने इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि बुतपरस्ती (मूर्ति पूजा) की इजाजत इस्लाम में नहीं है। जिन मस्जिदों में टूटी हुई मूर्तियां पायी गयी हैं या जिन स्थानों पर मंदिर होने के ऐतिहासिक, सामाजिक अथवा प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, वहां नमाज पढ़ना इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है और यह नमाज के लिए नापाक जगह है। ऐसी जगह नमाज कबूल नहीं होती। मंच ने कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जा की गई भूमि पर मस्जिद बनाना इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है। 4 जनवरी को लखनऊ में मंच का बड़ा कार्यक्रम है। शुक्रवार की सुबह लखनऊ की बैठक पर चर्चा और एजेंडा तय करने के लिए मंच की ऑनलाइन बैठक हुई। जिसमें 20 राज्यों और 6 केंद्रशासित प्रदेश मिलाकर 70 स्थानों से मंच की बैठक में लोग जुड़े। बैठक की अध्यक्षता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की, जिसमें देश भर के कई छोटे-बड़े मुस्लिम संगठनों और उनके नेताओं ने शिरकत की। इस ऐतिहासिक बैठक में महिला बुद्धिजीवी ग्रुप, सूफी शाह मलंग संगठन, युवा शिक्षा एवं मदरसा संस्थान, पर्यावरण एवं जनजीवन सुरक्षा संस्थान, जमीयत हिमायतुल इस्लाम, कश्मीरी तहफ्फुज आर्गेनाइजेशन और कश्मीर सेवा संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ऐतिहासिक पहल



**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**
"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या 17 रा0 दिनांक 16.07.2024 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशक/पशुपालक अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं –

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है –

(क) वित्तीय वर्श 2024–25 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम । प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो। इच्छुक लाभुक विज्ञापन के एक सप्ताह के अन्दर जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र प्रारम्भ होने की संभावना है।

(ख) वित्तीय वर्श 2024–25 में राज्य के अन्दर प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार से प्रारम्भ होता है।

इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशकों/पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति) एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो , जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवश्यक रूप से संलग्न करेंगें।

नोट :– प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र या विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 343488 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा।


किसानों को प्रोत्साहित करने के बजाये निराश कर रही राज्य सरकार

# 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से धान खरीद में किसानों को इंसाफ देने की मांग की है। श्री मरांडी शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के सुखाड़ के बाद इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। किसानों को अपने मेहनत का अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद राज्य सरकार से थी। हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि अब हेमंत सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। राज्य में 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद और 100 रुपए बोनस के साथ 2400 रुपये प्रति क्विंटल से खरीद हो रही है। राज्य सरकार ने 60लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है। लेकिन, स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गये हैं। ऑफिसरशाही इतनी हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उदघाटन किये ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं। राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं। उसमें में कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15फीसदी धान भी अबतक नहीं खरीद सकी है। राज्य सरकार इसमें भी धान को गीला बताकर प्रति क्विंटल 10 से 15किलो की कटौती कर रही है। राज्य सरकार ने धान खरीद की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजाई फसल को 1800 से 1900 रुपए प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं। उन्होने कहा कि झारखंड के किसान खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हैं। यहां केवल एक फसल धान ही है। इसे एमएसपी पर बेचकर किसान कुछ रुपये कमाते हैं। बाकि दलहन आदि का उत्पादन यहां बड़े पैमाने पर नहीं होता है। ऐसे में किसानों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन राज्य सरकार लगातार किसानों को निराश करने में लगी है। इस अवसर पर योगेंद्र प्रताप सिंह एवं पवन साहू भी उपस्थित थे।

## हाईटेक होगी झारखंड की बिजली व्यवस्था, एसेट मैपिंग के साथ कंज्यूमर इंडेक्सिंग भी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से हाईटेक होगी। इसके तहत ऐसेट की मैपिंग के साथ कंज्यूमर की इंडेक्सिंग भी की जाएगी। इस नए प्रोजेक्ट के तहत जीआईएस डेटा बेस के साथ एप्लिकेशन का निर्माण और अपग्रेडेशन भी शामिल है। यह पूरा प्रोजेक्ट पांच साल में पूरा किया जाएगा। इसमें दो साल तक क्रियान्वयन और तीन साल तक सुविधा प्रबंधन सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम के संचालन में उन्नत जीआईएस तकनीक का समावेश करना है।

**आरईपीएल को किया गया है नियुक्त** : इस प्रोजेक्ट के लिए बिजली वितरण निगंम ने रूद्राभिषेक इंटरप्राइसेस लिमिटेड (आरइपीएल) को नियुक्त किया है। यह प्रोजेक्ट भारत सरकार के रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त सस्ती बिजली की आपूर्ति करना है।

**क्या होगा काम व क्या होगा फायदा**

- फील्ड सर्वे कर विद्युत परिसंपत्तियों और उपभोक्ता संपत्तियों का मानचित्रण होगा।
- मौजूदा डेटा को क्लाउड प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित किया जाएगा
- एंटरप्राइज-ग्रेड जीआईएस सॉफ्टवेयर की तैनाती की जाएगी
- वितरण नेटवर्क के लिए आधारभूत डेटा प्रणाली तैयार किया जाएगा
- मीटर रीडिंग, बिलिंग और ऊर्जा लेखा-जोखा में सुधार किया जाएगा
- जेबीवीएनएल की बुनियादी ढांचे और सेवा वितरण को आधुनिक और स्मार्ट नेटवर्क प्रबंधन तथा तकनीकी एकीकरण के माध्यम से उन्नत किया जाएगा
- मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा
- सटीक उपभोक्ता डेटा प्रबंधन को सुनिश्चित किया जाएगा
- बिजली कटौती को कम किया जाएगा. ऊर्जा हानि को न्यूनतम किया जायेगा
- रियल-टाइम निगरानी और तेज फॉल्ट का त्वरित समाधान किया जायेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला**
**संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला– 835207**
**E-mail ID- scogumla6@gmail.com**

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या – 22, दिनांक – 18.06.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में बंजर भूमि/राईस फैलो विकास योजना अन्तर्गत विशेष सिंचाई सुविधा अन्तर्गत एक एकड़ से अधिक एवं पाँच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाब/परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग का कार्य कराया जाता है **जिसकी सूचना पूर्व में समाचार पत्रों के माध्यम से दी जा चुकी है,** गुमला जिले में कुल निर्धारित लक्ष्य है:

| क्र0 स0 | योजना का नाम | जिले का कुल निर्धारित लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सरकारी तालाब जीर्णोद्धार | 50 |
| 2 | निजी तालाब जीर्णोद्धार | |
| 3 | परकोलेशन टैंक निर्माण | पूर्व लक्ष्य– 168<br>संशोधित लक्ष्य– 140 |
| 4 | डीप बोरिंग | 53 |

उपरोक्त लक्ष्य के आलोक में आवेदन अपना अपना पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन **07.01.2025 को शाम 5 बजे तक** कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में आवेदन जाम कर दें। तदोउपरांत आवेदन पर विचार नहीं किया जाऐगा।

PR 343474 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला


## सरकारी कर्मियों के डीए में वृद्धि का आदेश जारी

**रांची।** वित्त विभाग ने सरकारी कर्मियों के डीए में वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है। अब राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों को 50 फीसदी बढ़कर 53 फीसदी डीए मिलेगा। पिछले कैबिनेट में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी थी। यह बढ़ा हुआ डीए एक जुलाई 2024 के प्रभाव से मिलेगा। बढ़ा हुआ डीए कर्मियों और पेंशनधारियों को जनवरी के वेतन में मिलेगा।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले हजारीबाग एसडीएम की पत्नी अनिता के परिजन



**रांची।** हजारीबाग एसडीएम अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी के परिजनों ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से कांग्रेस भवन में मुलाकात की। अनीता के परिजनों से प्रदेश अध्यक्ष से अशोक कुमार की गिरफ्तारी के साथ न्याय की गुहार लगाई है। मुलकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में हजारीबाग एसपी से बात की गई है। परिजनों ने बताया कि जब तक अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक सही तरीके से मामले की जांच नहीं हो पाएगी। बताते चलें कि उक्त मामले की जांच और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

## खबर एक नजर में

### डीजीपी ने आइपीएस चंदन सिन्हा को बैज लगाकर किया सम्मानित



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आईपीएस चंदन कुमार सिन्हा को पुलिस उप–महानिरीक्षक कोटि में प्रोन्नति मिलने के बाद बैच लगाकर सम्मानित किया। इस संबंध में अधिसूचना 31 दिसम्बर को जारी की गई थी। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के पद को पुलिस उप–महानिरीक्षक कोटि में उत्क्रमित करते हुए उन्हें उक्त पद पर पदस्थापित किया गया है।

### बाबूलाल मरांडी ने परिजनों का ढांढस बंधाया



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शुक्रवार को दिवंगत भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आवास पर पहुंचर परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री मरांडी ने कहा कि दुख की घड़ी में भाजपा परिजनों के साथ खड़ी है। पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खोया है। मुलाकात करने वालों में योगेन्द्र प्रताप सिंह और अशोक शर्मा भी शामिल थे।

### 15 जनवरी तक ऑनलाइन मान्यता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से निरस्त

**रांची।** पासवा के मुख्य संरक्षक रामेश्वर उरांव और राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की मांग पर छात्रों और शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा सचिव ने 15 जनवरी तक ऑनलाइन मान्यता के प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। रामेश्वर उरांव ने बताया कि निजी विद्यालयों के लिए जमीन बढ़ाना या कमरे का साइज बदलना संभव नहीं है। सरकार को मान्यता के शर्तों को बदलने की जरूरत है। वही संस्था के अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि 2009 के आर टी ई कानून को आधार बनाकर मान्यता दे सरकार, दूसरा कोई भी कानून स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### जजों की नियुक्ति के लिए वकीलों के नाम की भी हो सिफारिश : एडवोकेट एसोसिएशन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में इस वर्ष नये न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि जज की नियुक्ति के लिए भेजे जाने वाले नामों में हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के नाम की भी सिफारिश की जाये। बता दें कि हाईकोर्ट में स्वीकृत जजों की संख्या 25 है। पिछले वर्ष जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस सुभाष चंद के रिटायर होने के बाद 18 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं। वहीं इस वर्ष एक और न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक सेवानिवृत हो जायेंगे। इसके बाद सीटिंग जजों की संख्या घटकर 17 हो जायेगी। जिसका असर लंबित मामलों की सुनवाई पर पड़ेगा।

### 33 खिलाड़ियों को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार

**रांची।** उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर राज्य के खिलाड़ी और उनके कोच रविवार को आड्रे हाउस में सम्मानित होंगे। 33 खिलाड़ियों को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मिलेगा। इसकी घोषणा गुरुवार को उम्मीद फाउंडेशन की ओर से की गयी। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस बार 5 श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल रत्न पुरस्कार शामिल है। फाउंडेशन की महिला विंग की केंद्रीय अध्यक्ष संगीता तिर्की ने कहा, पुरस्कार देने का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को पहचान और प्रोत्साहन देना है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**
"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या 17 रा0 दिनांक 16.07.2024 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशक/पशुपालक अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं –

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है –

(क) वित्तीय वर्श 2024–25 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम । प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो। इच्छुक लाभुक विज्ञापन के एक सप्ताह के अन्दर जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र प्रारम्भ होने की संभावना है।

(ख) वित्तीय वर्श 2024–25 में राज्य के अन्दर प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार से प्रारम्भ होता है।

इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशकों/पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति) एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो , जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवश्यक रूप से संलग्न करेंगें।

नोट :– प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र या विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 343488 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा।


# कांग्रेस भवन में जयपाल सिंह मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हॉकी के महान खिलाड़ी, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा की जयंती शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने देश की राजनीति के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अहम भूमिका निभाई है। संविधान सभा के सदस्य रहे जयपाल सिंह मुंडा ने 1938 में पहली बार अलग झारखंड राज्य की मांग उठाई थी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हॉकी के मैदान में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाले जयपाल सिंह मुंडा ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में अपनी अहम भूमिका के कारण आदिवासियों और मूलवासियों के हितों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने बागुन सुब्रई, एस के बागे के साथ मिलकर अलग राज्य के लिए आंदोलन शुरू किया था। उनके द्वारा शुरू किए गए आंदोलन का ही नतीजा है कि आज झारखंड एक अलग राज्य के रूप में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

**खूंटी में हुआ था जयपाल सिंह मुंडा का जन्म :** जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 03 जनवरी 1903 को झारखंड के खूंटी (तत्कालीन) जिले में हुआ था। प्रतिभावान जयपाल सिंह मुंडा पढ़ाई के लिए ऑक्सफोर्ड भी गए जहां उन्होंने सेंट जॉन्स कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने हॉकी में भी देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया।

1928 में एम्स्टर्डम में ओलंपिक हॉकी में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान जयपाल सिंह मुंडा ही थे। जयपाल सिंह मुंडा को हॉकी से इतना प्यार था कि उन्होंने आईसीएस की परीक्षा पास करने के बाद भी अपनी नौकरी छोड़ दी थी। श्रद्धांजलि अर्पित करनेवाले प्रमुख नेताओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश मीडिया प्रवक्ता कमल ठाकुर समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**

**VERY SHORT TENDER NOTICE**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**RFP No.- 05/CDO/Ranchi/ RWSS /2024-25Dated:-24.12.2024**

The undersigned on behalf of the Government of Jharkhand invites RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. 558(CDO) dt. 01.09.2020 and 165(CDO) dt. 08.02.2021. Item rate bids for the work mentioned in Annexure- 1 through e-Procurement. The bid shall be submitted online in the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The Consultant(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

**Annexure – 1**

| Sl. No. | Name of Work | RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / T urnkey / Item rate mode, etc. for following works is Invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Scheme | Job | Completion of Work | Cost of Earnest money (Performance guarantee) in Rs. | Cost of RFP Fee in Rs. | Eligibility |
| 1 | **Water Supply Scheme (Raw Water only) for M/s Bokaro Spirits and Allied Industries Pvt. Ltd., BIADA, Bokaro Steel City, Jharkhand from Garga Dam under D.W. & S. Div. Chas. Total Demand -16000 KL/day** | 1.0 | 2 Months | 1,00,000.00 | 10,000.00 | For A, B & C Category |

| | |
|---|---|
| Date & Time for publishing of NIT & TOR on website | 04.01.2025 at 4.00 PM |
| Last Date for Uploading of Bid Document, RFP fee & Performance guarantee on Website. | 20.01.2025 upto 3.00 PM |
| Date & Time for Opening of Technical Bid document | 21.01.2025 at 4.00 PM |
| Help line no. | +91 8709958093 |

2. Tender Fee (RFP Fee) & Earnest Money (Performance guarantee) amount specified for the work in as annexure-1,should be through Online Gateway Facilities in two Mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of "**Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West" payable at Ranchi. (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120, Date-03.10.2023 Attached as Annexure-4).**
3. Tender fee (RFP Fee), Earnest Money (Performance guarantee) & Bid Documents separately shall be submitted Online Mode. Only those applications will be entertained whose cost of RFP application fee, bid security & bid documents is received separately and properly super scribed in Online Mode. The office of Executive Engineer, D.W. & S. Division Ranchi West, Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online method.
4. Bid Validity shall be 180 Days from the date of Opening Bid.
5. In the event date specified for Receipt/opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
6. The Department reserved the right to cancel, revise or amend this RFP or bid documents fully or partly prior to the last date of RFP for submission of offers or on any subsequent date.
7. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
8. Bid documents/ Any changes & Further details can be seen on website https://Jharkhandtenders.gov.in.
9. Bid should be submitted for each group separately.
10. In case of Empanelled consultant of MSME category will follow the Govt. rule.
11. Details of Notes to Bidder/ Term of Reference (TOR)/Annexure and related information can be seen / downloaded from the https://Jharkhandtenders.gov.in and https://dwsd.jharkhand.gov.in.

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi.**

PR 343477 Drinking Water and Sanitation(24-25)D


पिछड़ा जाति आयोग का गठन होने के बाद ट्रिपल टेस्ट का भी रास्ता होगा साफ

# नये साल में झारखंड को मिलेंगे लोकायुक्त और सूचना आयोग के अध्यक्ष!

**उदय चौहान**

**रांची।** नया साल में अब झारखंड को लोकायुक्त एवं सूचना आयोग के अध्यक्ष मिल सकता है। अब, झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से इस पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। हांलाकि, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद अभी खाली है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अपना विधायक दल का नेता नहीं चुना है। इसके कारण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति नहीं हो पायी है। वैसे, इन संवैधानिक पदों पर नियुक्ति पिछले कई वर्षों से लंबित है। हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल में भी लोकायुक्त, सूचना आयुक्त एवं अन्य संवैधानिक पदों पर बहाली नहीं हुई थी। मानवाधिकार आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां होंगी और इन आयोगों के दफ्तरों में लंबित हजारों शिकायतों का निपटारा शुरू हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग के अध्यक्ष और पांच सदस्यों का पद मई 2020 से खाली है। इतने समय में आयोग में पेंडिंग अपीलों की संख्या लगभग 20 हजार तक पहुंच चुकी है। इनमें 7658 अपील वैसे हैं, जिनमें मई 2020 से पहले एक या दो बार सुनवाई हो चुकी है। जबकि करीब आठ हजार फ्रेश अपील हैं। इसी प्रकार अन्य शिकायतवाद भी लंबित है। नये सूचना आयुक्त के आने के बाद इन अपीलों को अप्रूवल मिलेगा उसके बाद ही सुनवाई होगी।

### जून 2021 से लोकायुक्त का पद है खाली

झारखंड में लोकायुक्त का पद जून 2021 से खाली है। 29 जून 2021 को झारखंड के लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से यह पद खाली पड़ा । लोकायुक्त नहीं होने के कारण कार्यालय में रिम्स डेंटल कॉलेज में डेंटल चेयर खरीद में ,ष्टाचार सहित हजारों मामले कई वर्षों से लंबित पड़े हुये हैं। झारखंड लोकायुक्त कार्यालय को अभी तक दस हजार के करीब लोकसेवकों की शिकायतें मिली हैं। इनमें से दो हजार से अधिक शिकायतों पर लोकायुक्त कार्यालय आगे नहीं बढ़ सका है। पिछले पांच वर्षों में 3,361 से अधिक मामले लोकायुक्त के पास आये थे। इसमें से 2,200 से अधिक मुकदमों का निष्पादन हो चुका है। इसमें से अधिकतर मामले सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित थे। नेता प्रतिपक्ष के चयन के बाद ही लोकायुक्त की नियुक्ति संभव है।

### मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष पिछले छह वर्ष से रिक्त

झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद 2018 से रिक्त पड़ा हुआ है। झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होनी है। जून 2023 में इसे लेकर विज्ञापन निकाला गया था। मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण कई सैकड़ों शिकायतें लंबित पड़ी हैं। वहीं, झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद जनवरी 2023 से खाली है। जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन के बाद से यह पद खाली है। आयोग के सदस्यों के भी पद खाली हैं। पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष नहीं होने की वजह से झारखंड के नगर निकाय चुनावों को लेकर होने वाला ट्रिपल टेस्ट का मामला फंसा हुआ है। कैबिनेट ने ट्रिपल टेस्ट पिछड़ा आयोग से कराने की मंजूरी दी थी, लेकिन अबतक आयोग का गठन नहीं हुआ है। नेता प्रतिपक्ष के चयन के बाद ही आयोग के गठन का रास्ता साफ होगा। वैसे, नये साल में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति होने की आसार बढ़ गये हैं।

# हेलमेट पहनिये हुजूर... नहीं तो यमलोक जाने को तैयार रहिये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कॉस्मोपॉलिटन सिटी जमशेदपुर इन दिनों उन लापरवाह बाइक अथवा कार चालकों को लेकर रोज शर्मिंदा हो रही है जो बाइक चलाते वक्त न तो हेल्मेट पहनते हैं, और कार चलाते वक्त सीट बेल्ट नहीं बांधते। यहां के लोग कितने लापरवाह और थेथर हो गए हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यातायात पुलिस हर माह 15 लाख से 18 लाख रुपये जुर्माना वसूलती है, फिर भी लोग हैं कि मानते नहीं। ऐसे में अब हार कर यमराज सड़क पर उतर कर ऐसे लापरवाह चालकों को घिघिया कर आग्रह कर रहे हैं, हे प्रभु हेल्मेट पहनिए, सीट बेल्ट बांधियें, काहें सड़क दुर्घटना में असमय जान गवां कर यमलोक में भीड़ बढ़ाना चाहते हैं। यातायात सुरक्षा नियमों का पालन कर अपने परिवार के साथ-साथ यमलोक पर कृपा करिए।

गत 01 जनवरी 2025 से आगामी 31 जनवरी 2025 तक जिला में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए वाहन चालकों को यातयात नियमों को लेकर जागरूक किया गया।

इस अभियान के तहत जुबली पार्क के आसपास एवं शहर के सभी ट्रैफिक चेकिंग स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यमराज ने चेतावनी दी तथा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के महत्व को बताया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार, एमवीआई सूरज हेंब्रम, निशांत महतो और श्री ईश्वर लाल साव तथा सभी ट्रैफिक थाना प्रभारी एवं डीआरएसएम श्री प्रकाश कुमार गिरी, सड़क अभियांत्रिक विश्लेषक नवीन कुमार ने अलग-अलग जांच स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों को माला पहनाकर एवं गुलाब का फूल देकर शर्मिंदगी महसूस करायी।

- यातायात नियमों के उल्लंघन पर 'यमराज' ने दी चेतावनी
- फूल, माला पहनाकर चालकों से की गयी नियमों के पालन की अपील
- 31 तक परिवहन विभाग और यातायात पुलिस चलायेगी सड़क सुरक्षा अभियान

**...और सक्रिय हुए यमराज :** अभियान के दौरान यमराज ने मैसेज देने का प्रयास किया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। चार पहिया या भारी वाहनों में सीटबेल्ट का प्रयोग, सड़क पर निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन चलाने, ओवरलोड नहीं करने व यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही सडक दुर्घटनाओं के कारणों से अवगत कराया। इस दौरान सिटी इन होटल, पारडीह व डिमना चौक के आसपास के क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाया गया।



बिना हेलमेट के चालक को फूल देकर शर्मिंदा करते डीटीओ-डीएसपी और उसके सिर पर सवार यमराज।

**बिना हेलमेट और अंडर एज ड्राइविंग से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं :** आजकल कम उम्र के बच्चे बिना लाइसेंस-हेलमेट के वाहन चलाते हैं, जो अपराध है। वे एक हाथ से बाइक की हैंडल और दूसरे हाथ में मोबाइल से बातें करते हुए देखे जाते हैं, जो दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन पर गाने सुनना भी दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। जमशेदपुर डीटीओ धनंजय कुमार और सरायकेला डीटीओ गिरिजाशंकर महतो ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को बाइक न दें।

## कांड्रा चौक पर सरायकेला डीटीओ ने चलाया जागरुकता अभियान

**कांड्रा।** सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां डीटीओ गिरजा शंकर महतो ने कांड्रा चौक पर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों को गुलाब देकर उन्हें उनकी गलतियों का आभाष दिलाया। साथ ही भविष्य में बिना हेलमेट बाइक ड्राइविंग न करने की सलाह दी गयी और उन्हें उन्मुख किया गया। वहीं दूसरी ओर बाइक में हेलमेट रहते हुए भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने पर उन्हें चेतावनी दी गयी और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना के प्रावधान से उन्हें वाकिफ कराया गया। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर ध्यान देते हुए चालकों को दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट तकरीबन 80 बाइक सवारों को रोककर सड़क सुरक्षा के नियमों से उन्हें भली भांति अवगत कराया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सरायकेला खरसावां गिरजा शंकर महतो एवं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रवि प्रसाद, दिलीप कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य भी थे।



## स्पीड न्यूज



### जमशेदपुर एफसी और बेंगलुरु एफसी के बीच मुकाबला आज

**जमशेदपुर।** इंतजार लगभग खत्म होने वाला है। स्टील सिटी में उत्साह का माहौल होगा, जब जमशेदपुर एफसी 4 जनवरी को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मुकाबले में बेंगलुरु एफसी से भिड़ेगी। पहले से ही 16,000 टिकट बिक चुके हैं, और यह रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है जो प्रशंसकों के लिए यादगार अनुभव होने का वादा करता है। मेन ऑफ स्टील वर्तमान में आईएसएल तालिका में पांचवें स्थान पर हैं, अपनी जीत की राह जारी रखने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने बेंगलुरु एफसी है, जो वर्तमान में दूसरे स्थान पर है और उनके पास भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री जैसे खिलाड़ी हैं। स्टील डर्बी मुकाबला एक बेहतरीन और करीबी मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें दोनों टीमें सभी तीन अंक हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी।

### मानगो गुरुद्वारा रोड में फोन छीन भागे उचक्के

**जमशेदपुर।** मानगो गुरुद्वारा रोड़ के रहने वाले मुकेश पांडे के रिश्तेदार आदर्श पांडे अपने बहन के घर आए हुए थे। घर के कुछ ही दूर आगे मुंशी मोहल्ला के समीप फोन में बात करते हुए टहल रहे थे किसी बीच दो अपराधी आए और आदर्श पांडे का मोबाइल छीनकर भागने लगें। जब आदर्श ने इसका विरोध किया तो लोगों ने हथियार के साथ आदर्श पर हमला कर दिया और मोबाइल लेकर फरार हो गया। घटना घटते ही मुकेश पांडे ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। विकास इसकी सूचना मानगो थाना प्रभारी को देते हुए कार्यवाही की मांग की।

### श्री-श्री चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट ने डोमजुड़ी में लगाया नेत्र शिविर



**जादूगोड़ा।** श्रीश्री चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष लखी दास की अगुवाई में नरवा पहाड़ स्थित डोमजूडी ग्राम में आज शुक्रवार को नेत्र जांच शिविर आयोजित की गयी। इधर इस नेत्र जांच शिविर में ग्राम मे भारी संख्या में लोगों ने अपनी आंख की जांच करायी। इस दौरान जांचोपरांत 10 लोगों का मोतियाबिंद शिकायत हेतु उन्हें अपरेशन के लिए चयन किया गया। इन चयनित मरीजों को केसीसी आई हॉस्पिटल में मुफ्त में ऑपरेशन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेत्र डॉक्टर अजय कुमार समेत ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्खी दास, सचिव शंकर दास, संस्थापक सदस्य तापस कुमार दास, प्रभाकर दास, धनु राज हेंब्रोम, जगदीश दास, उपमुखिया जयगोपाल दास, नवद्वीप दास, विद्या सागर दास, बबलू दास ने अहम योगदान दिया।

### मदरसा दारुस सलाम में करात प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर।** आजादनगर के धार्मिक शिक्षा संस्थान मदरसा दारुस सलाम में संस्थान के छात्रों के बीच करात प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें मो साहिल रजा, शरफुद्दीन, मो अलीमुद्दीन, मो जिया, मो अबरार, मो हिदायत अली, मो अहमद अली, मो कुर्बान, मो आसिफ रजा, मो नुमान अख्तर आदि छात्रों ने भाग लिया। जिसमें मो आसिफ रजा ने प्रथम स्थान ग्रहण किया। जबकि नुमान अख्तर व हिदायत अली ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन्हें डॉ नूरजमां खान, हाजी अबुल कलाम आजाद, कारी नूरुल होदा, कारी सिद्दीक आलम द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पर छात्र मो मोइन को कंठस्थ कुरान के लिए फूलों का गुलदस्ता दिया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ नूरजमां खान व सचिव मतलूब अनवर खान ने सरपरस्ती फरमायी।

# कचरा उठाव ठप, नगर निगम पर लाल हो रहे एमपी-एमएलए

- सरयू राय मिले पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से, दी चेतावनी
- सांसद विद्युतबरण महतो ने नगर उप-आयुक्त के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के साथ जमशेदपुर शहर की समस्याओं को लेकर बैठक की तो सांसद विद्युतबरण महतो ने सर्किट हाउस में मानगो नगर निगम के उप-नगर आयुक्त श्री यादव के साथ बैठककर मानगो में कचरा निष्पादन की समस्या के समाधान के आवश्यक निर्देश दिये।

डीसी के साथ सरयू राय के बैठक का मुख्य मुद्दा मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा निष्पादन की समस्या था। विधायक श्री राय ने उपायुक्त से इस समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की और कहा कि इस बारे में मानगो की जनता का धैर्य टूटने की कगार पर पहुंच गया है। दो दिनों के भीतर अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मानगो की जनता सीधी कार्रवाई पर उतरने के लिए विवश हो जायेगी।

सरयू राय ने उपायुक्त से कहा कि मानगो नगर निगम द्वारा प्रयास किये जाने के बावजूद रोज निकल रहे कचरा का पूरा उठाव नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि मानगो नगर निगम क्षेत्र में जगह-जगह कचरा भरा पड़ा है। जिस तरह से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र का कचरा टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जा रहा है, उसी प्रकार मानगो नगर निगम का कचरा भी बारा कम्प्लेक्स में गिराया जाये। 2010-11 से जेनएसी और मानगो का कचरा बारा में गिरता था। बाद में टाटा लीज की जमीन पर ही मरीन ड्राइव के किनारे मानगो और जेएनएसी का कचरा टाटा स्टील की सहमति से गिरने लगा। रिहायशी इलाका के बीच होने के कारण तथा कचरा ढेर में आग लगते रहने के कारण एनजीटी ने अप्रैल 2023 में हस्तक्षेप किया तो जेएनएसी का कचरा बारा कॉम्प्लेक्स में गिरने लगा और मानगो की समस्या को वैसे ही छोड़ दिया गया। अब यह आप पर (उपायुक्त) है कि टाटा स्टील से वार्ता कर यह सुनिश्चित करायें कि मानगो का कचरा भी वहीं गिरेगा, जहां जेएनएसी का गिर रहा है।

श्री राय ने कहा कि टाटा स्टील मानगो के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकता। मानगो के साथ टाटा स्टील का अटूट संबंध है। इस संबंध पर आंच नहीं आनी चाहिए. जेएनएसी के वार्ड 7, 8, 9 से ही एमएनएसी बना है। डिमना रोड, मानगो चौराहा, डिमना चौराहा, एमजीएम कॉलेज, पानी का पाईपलाइन, हजार से अधिक टाटा स्टील कर्मियों का निवास मानगो में होना आदि टाटा स्टील और मानगो के बीच सक्रिय संबंध के उदाहरण हैं। इस प्रकार जेएनएसी के साथ साथ मानगो नगर निगम का भी टाटा स्टील की जनसुविधा संरचनाओं पर अधिकार बनता है। इसे ध्यान में रखते हुए उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम मानगो के कचरा प्रबंधन के लिए टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में स्थान सुनिश्चित कराना चाहिए।





डीसी मिल कर लौटते विधायक सरयू राय और सर्किट हाउस में मानगो नगर निगम के सुरेश यादव एंड टीम संग बैठक करते सांसद विद्युतबरण महतो।

## एक नजर में

### अधिवक्ता सुनील का लेखन अनुकरणीय : गोप



**जमशेदपुर।** झारखंड के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक तथ्यों पर आधारित पुस्तक के लेखक, आदिवासी कुड़मी समाज महासचिव एवं जिला बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता सुनील गुलिआर को शुक्रवार को वरीय अधिवक्ताओं ने सम्मानित किया। पूर्व लोक अभियोजक पीएन गोप पूर्व संयुक्त सचिव मलकीत सिंह सैनी, पूर्व संयोजक सचिव मोहम्मद कासिम एवं वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बसंती चोला ओढ़ाकर सम्मानित किया। वरीय अधिवक्ता पीएन गोप के अनुसार पांच साल के कठिन परिश्रम एवं जटिल प्रक्रिया से गुजरते हुए लेखक सुनील गुलिआर ने वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित पुस्तक लिखी है जो सभी के लिए अनुकरणीय है। अधिवक्ता सुधीर पप्पू के अनुसार झारखंड सरकार को चाहिए कि वह उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करे जिससे झारखंड की सभ्यता संस्कृति एवं उत्तरोत्तर विकास से प्रांत के बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, शोधकर्ता के साथ भावी पीढ़ी अवगत हो सके। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जेपी भगत, एनके मिश्रा, दीना प्रसाद, मोहनीश पाण्डेय, कुलविंदर सिंह, श्रीकांत सिंह, राहुल राय आदि अधिवक्ता थे। सुनील के अनुसार पांच साल की अथक परिश्रम से 'वृहद छोटानागपुर के आदि-बुनियाद' नामक पुस्तक लिखी है। इसमें वृहद छोटानागपुर कृषि सभ्यता का विकास और इसमें विशेषकर टोटेमिक कुड़मी समुदायों के द्वारा प्रारंभिक योगदान का विवरण है।

### इनर व्हील क्लब ने मस्ती की पाठशाला बागुनहातु में मनायी क्रिसमस



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने पीपी इरा के निवास परनया साल और क्रिसमस मनाया। क्लब की अध्यक्ष मधुमिता सान्याल के द्वारा लाया गया केक काटा। और पीपी इरा ने व्यवस्थित विभिन्न स्वादिष्ट स्नैक्स खाये। सदस्यों ने सुंदर क्रिसमस विशेष पोशाक पहनकर बहुत उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर इनर व्हील को जानने के लिए दो संभावित सदस्यों को आमंत्रित किया। वे बहुत खुश हुए और उन्होंने इसका भरपूर आनंद लिया। उसके बाद सभी ने मिल कर मस्ती की पाठशाला, बागुनहातु, बारिडीह मे 150 लड़कियों के साथ क्रिसमस और नया साल 2025 मनाया। इनर व्हील क्लब का मानना है कि 'क्रिसमस सबसे सच्चा क्रिसमस तब होता है जब हम इसे प्यार और देखभाल की रोशनी देकर मनाते हैं, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।' मस्ती की पाठशाला बागुनहातु में रहने वाली 150 वंचित बेघर लड़कियों के साथ क्रिसमस को बहुत ही खास तरीके से मनाया। पीपी नीलिमा प्रकाश की बेटी हमारी प्यारी प्रिया उन लड़कियों के लिए असली सांता साबित हुईं। उन्होंने उन लोगों को गर्मजोशी, प्यार और देखभाल देने के लिए शॉल भेंट की, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। हमने केक काटा और नाचते-गाते बहुत खुश हुए। उनके मुस्कुराते चेहरे देखकर हम सभी भावुक हो गए। हमारे समाज के प्रति उनके इस नेक काम के लिए प्रिया को हमारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद। आईपीपी सम्पा उपाध्याय, उपाध्यक्ष पूनम वर्मा, आईएसओ पीपी रमा खन्ना, पीपी नीलिमा प्रकाश, पीपी विनीता झा और पीपी अर्चना, बंदोपाध्याय ईरा, मधुमिता, संचिता, ड नीलम, सोनाली महंती, मधुमिता राय, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे। अर्चना जी धन्यवाद ज्ञापित किये।

## टेंपो चालक हत्याकांड में तीन धराये

**सोनारी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने सोनारी कार्मेल स्कूल के पीछे 2 जनवरी को दिन दहाड़े एक टेम्पो चालक सूरज प्रमाणिक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज जायसवाल उर्फ पगली, पिंटु सिंह उर्फ प्रकाश सिंह, विकास सिंह उर्फ होते शामिल हैं। 3 जिंदा कारतूस के साथ हत्याकांड में इस्तेमाल किया गया पिस्टल, दो मोबाइल फोन और स्कूटी पुलिस ने बरामद कर लिया है। सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर यह हत्या हुई है। 2017 में ही इनके बीच झगड़ा हुआ था। तभी से तनाव था। कुछ दिनों पूर्व भी इनमें झंझट हुआ है। मनोज और पिंटु के विरुद्ध कोई मामला नहीं किन्तु विकास उर्फ होते पर कई मामले दर्ज हैं। संवाददाता सम्मेलन में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## मरांग गोमके के नाम हुआ बिष्टुपुर एयरपोर्ट गोलचक्कर का नामकरण

- बिरसा सेवा दल ने बारीडीह गोलचक्कर के बाद फिर किया जबरन नामकरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को झारखंड पार्टी के संस्थापक एवं महान हॉकी खिलाड़ी स्व जयपाल सिंह की मुंडा की जयंती के अवसर पर बिरसा सेना ने अप्रत्यासित कदम उठाते हुए जमशेदपुर शहर के दो नामी गोलचक्करों पर जबरन स्टील का बोर्ड लगा कर उसका नामकरण स्व. जयपाल सिंह मुंडा चौक कर दिया। इस दौरान बढ़ते बवाल को देखते हुए क्यूआरटी पहुंची और बिरसा सेना के सदस्यों को शांतिपूर्ण ढंग से वहां से हटाया। शहर में नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल ने इस प्रत्यासित कदम पर प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। दूसरी ओर, सोनारी एयरपोर्ट गोलचक्कर पर भी आदिवासियों के एक समूह ने अचानक वहां स्व. जयपाल सिंह मुंडा चौक का बोर्ड लगा दिया। इस दौरान स्थानीय गैर आदिवासी समुदाय आगया और इस कदम का विरोध किया। दोनों पक्षों में जम कर तू-तू मैं-मैं हुआ किन्तु प्रशासन की सक्रियता से किसी तरह का टकराव बच गया।



बिष्टुपुर गोलचक्कर का नामकरण कर नारेबाजी करते दिनकर कच्छप व साथी।

## पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल लंबी सेवा के बाद स्वास्थ्य विभाग से हुए सेवानिवृत

- डॉ लाल साहब हमेशा मेरे लिए मार्ग दर्शक के रूप में थे : सी एस डॉ साहिर पाल
- सदर अस्पताल का सफल संचालन डॉ लाल साहब का देन : डॉ जुझार मांझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/पोटका।** सिंहभूम के पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल के अवकाश प्राप्त होने पर सिविल सर्जन कार्यालय खाशमहल के सभागार में एक बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ए के लाल सह पत्नी पूनम लाल के साथ उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल सहित अन्य चिकित्सक तथा कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ तथा माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। तदोपरांत सभी ने डॉ लाल को उपहार भेंट किया। मौके पर बतौर अतिथि डॉ ए के लाल ने सभी चिकित्सकों तथा कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस विषम परिस्थिति में मैं सेवानिवृत हुआ।



डॉ एके लाल को विदाई देते वर्तमान सिविल सर्जन डा साहिर पाल। साथ में डॉ जुझार मांझी।

## समाजसेवी स्व केके सिंह की स्मृति में रेडक्रॉस का नेत्र ज्योति महायज्ञ आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष का पहला नेत्र शिविर रेडक्रॉस के पेट्रन व समाजसेवी स्व केके सिंह की स्मृति में नेत्र ज्योति महायज्ञ के रूप में आयोजित किया जाता है, जिस कड़ी में इस वर्ष 4 से 7 जनवरी तक नेत्र ज्योति महायज्ञ 2025 आयोजित हो रहा है, जो रेडक्रॉस सोसाईटी का 753वां नेत्र शिविर होगा। शिविर की शुरुआत मरीजों के रजिस्ट्रेशन के साथ 4 जनवरी को प्रातः 8 बजे होगी, जिसके साथ ही कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ 11 बजे होगा। समारोह में रेड क्रॉस की उपाध्यक्ष एवं एसडीओ शताब्दी मजूमदार, टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभीजीत अविनाश नानोती, यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक प्रोजेक्ट्स एवं सीएसआर एमके सिंघाई, समाजसेवी एवं उद्योगपति रमेश अग्रवाल तथा राजस्थान सेवा सदन के अध्यक्ष दिलीप गोयल शिविर का उद्घाटन करेंगे।

### कल गम्हरिया में होगा तैलिक वैश्य महासभा का कोल्हान स्तरीय वनभोज कार्यक्रम



**गम्हरिया।** अखिल भारतीय तैलिक वैश्य महासभा के जिला कमेटी की ओर से आगामी रविवार, 5 जनवरी को वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में कोल्हान के तीनों जिले से करीब पांच हजार से अधिक समाज के लोग शिरकत करेंगे। यह जानकारी महासभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद साहू एवं युवा जिला अध्यक्ष दिनेश गोराई ने एक प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि गम्हरिया के भामाशाह धर्मशाला सह आरोग्य गौशाला प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं सरायकेला के भाजपा विधायक चंपाई सोरेन रहेंगे। विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा दास साहू, भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह, एसिया अध्यक्ष इन्दर अग्रवाल, भाजपा एसटी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बास्को बेसरा शिरकत करेंगे। मौके पर सत्यनारायण साहू, सुरेंद्र साहू, रूपलाल साहू, राजेश गुप्ता आदि थे।

## वेस्ट बोकारो में 13वें वार्षिक पुष्प-सब्जी प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन

- टाटा स्टील वेस्ट बोकारो कर रही है प्रदर्शनी की मेजबानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**वेस्ट बोकारो/जमशेदपुर।** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन की मेजबानी में 3 से 5 जनवरी तक टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेस्ट बोकारो में आयोजित 13वें वार्षिक पुष्प और सब्जी प्रदर्शनी का आज शुभारंभ हुआ।

डी बी सुंदरामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील ने डी बी शैलजा, अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील, रक्षा दीक्षित, महेश प्रसाद, अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो और पी के सिंह, सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो, की उपस्थिति में इस प्रदर्शनी का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया।

मौके पर डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने मानव जीवन में प्रकृति के महत्व को समझा और टाटा स्टील उससे मिले सबक को आगे बढ़ा रही है। आज, हम समुदाय और समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ वातावरण में रह सकें। आज इस प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बात की, जिससे पता चलता है कि बच्चे इन मुद्दों के बारे में कितने जागरूक हैं।

इस तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न संस्थानों, वेंडर पार्टनर्स, और विभिन्न स्कूलों के कुल 54 स्टॉल के साथ 7 फूड स्टॉल भी लगे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न खास किस्मों के पुष्प, सब्जियों और पौधों को प्रदर्शित की गयी है। जिसमें सैंड पेंटिंग, रंगोली, स्केच पेंटिंग, कलर पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट और आस पास की नर्सरी के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही झारखंड की संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी।





प्रदर्शनी का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदरामम। साथ में श्रीमती सुंदरामम व अन्य और शो का एक दृश्य।

### गोइलकेरा : जगत मांझी के जनता मिलन में पेयजल और सड़क की समस्याएं आयी



**गोइलकेरा, प. सिंहभूम।** स्थानीय विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय स्थित कक्ष में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कुमदी गांव से आये सिला सोले जो एक दुर्घटना के बाद चलने फिरने में असमर्थ थे उन्हें तत्काल सीडीपीओ को निर्देश देकर बैशाखी उपलब्ध करायी।

## स्पीड न्यूज

### ठंड कंबल के इंतजार में हैं जरूरतमंद



**पाटन।** प्रखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के मारे लोग घरों में दुबके हैं। 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्ग लोग गर्म कपड़े कंबल और आग का सहारा लेकर ठंड को दूर भगाने में जुटे हैं। पाटन प्रखंड में अभी तक जिला प्रशासन ने कंबल व अलाव की व्यवस्था नहीं की है। जिससे लोग परेशान हैं।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, जेल



**पाटन।** नावा जयपुर थाना कांड संख्या 01/2025, दिनांक 03/01/2025, धारा 65(1) बीएनएस एंड 4/6 पॉक्सो एक्ट के प्रा0अभि0 मिथुन कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता मनदीप भुईयां, पता जयपुर, थाना नावा जयपुर, जिला पलामू को आज दिनांक 03/01/2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

### 20 एकड़ में लगी पोस्ता खेती नष्ट



**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के झांटी के जंगल में पुलिस ने करीब 20 एकड़ क्षेत्र में की गयी पोस्ता (अफीम) की खेती को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झांटी के जंगल में बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी, मनातू के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया और कार्रवाई कर खेती नष्ट कर दिया।

**पुलिस की अपील :** पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि के बारे में जानकारी देने में सहयोग करें। आपकी सूचना गोपनीय रखी जायेगी।

### बीडीसी की बैठक में विभागों की समीक्षा



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीसी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी तथा संचालन बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा के साथ ही कई प्रस्ताव पारित किये गये। इस दौरान मनरेगा, कृषि, जन वितरण, धान अधिप्राप्ति केंद्र, बालू, अबुआ आवास, 15वीं वित आदि योजनाओं की समीक्षा हुई। वहीं खड़गपुर पंचायत के उमवि भांवर के दो कमरा अवैध रूप से कब्जे को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग पंचायत प्रतिनिधियों ने उठाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, उपप्रमुख ममता देवी, सीओ मनीष सिन्हा, बीएओ ब्रजेश कुमार, बीपीओ अभय दुबे, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रणव कुमार, प्रधान सहायक सरजू बैगा, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम संजय कुमार आदि भी उपस्थित थे।

### झारखंड समेकित आदर्श ग्राम योजना के कार्यों की डीडीसी ने की समीक्षा



**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में झारखंड समेकित आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना फेज 1 व फेज 2, सांसद आदर्श ग्राम योजना व आदर्श ग्राम योजना के तहत कार्यों की समीक्षा की गयी। बताया गया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना फेज 1 के तहत 20 ग्राम चयनित हैं, इन सभी ग्रामों के लिये संबंधित बीडीओ को संशोधित वीडीपी बनाने का निर्देश दिया गया। वहीं फेज टू के तहत 21 प्रखंडो में 227 ग्राम चयनित है। बैठक में डीआरडीए निदेशक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत विभिन्न बीडीओ और अभियंता आदि भी उपस्थित थे।

### भाजयुमो नेता ने ज्ञापन देकर होल्डिंग टैक्स वसूली में राहत देने की मांग की



**हरिहरगंज पलामू।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री के नाम ज्ञापन नगर पंचायत कार्यपालक में शुक्रवार को कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी को सौंपा। इसमें नगर विकास मंत्री से हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के निवासियों को होल्डिंग टैक्स वसूली में राहत देने तथा विलंब शुल्क माफ करने की मांग की गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि हरिहरगंज में नगर पंचायत का अभी तक चुनाव नहीं हुआ है। वहीं महज पिछले 6 माह से नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न कार्य किया जा रहा है। इससे पहले नगर वासियों को नगर का कोई भी लाभ नहीं मिल रहा था। मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, अखिलेश मेहता, संजय जायसवाल, मृत्युंजय सिंह, शंभू यादव, कृष्णा साव, विजय प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, गोपाल प्रसाद, दिनेश पासवान, अभय कुमार शामिल हैं।

### भूटान में हो रहे इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम का शोर



**मेदिनीनगर।** भुटान में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के चार बाल कराटेकारों ने मेडल जीते। तीन खिलाड़ी रौनक कुमार, उज्ज्वल राज, अयान सिद्धिकी ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं ओम प्रकाश ने सिल्वर मेडल पाया। विदित हो कि यह प्रतियोगिता निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ भुटान के तत्वावधान में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को स्पोर्ट्स हॉल फुंटशोलिंग भुटान में आयोजित किया गया था। इसमें गोल्ड मेडल हासिल किये संत मरियम के बाल कराटेकारों को विभिन्न देशों में हो रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन ग्रैंड मास्टर डॉ विकास सांधु ने किया।

# मेदिनीनगर में जल्द चलेंगी पिंक सिटी बस, महिला-पुरुष कर सकेंगे सफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहरवासियों को शुक्रवार को बड़ी सौगात प्रदान की गयी है। शहरवासियों के आवागमन हेतु 4 पिंक सिटी बसों का परिचालन शुक्रवार से शुरू हो गया। नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने सभी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम क्षेत्र की सीमा में चलाये जाने वाले पिंक सिटी बस में महिला एवं पुरुष दोनों सफर कर सकेंगे।

**क्या बोले नगर आयुक्त :** इस संबंध में नगर आयुक्त श्री हुसैन ने बताया कि शहरवासियों को को ध्यान में रखते हुए पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू किया गया है। इसमें जीपीएस एवं मोबाइल चार्ज करने के लिए स्लॉट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिंक सिटी बस छः मुहान से चियांकी, छह मुहान से निमिया भाया चैनपुर, छह मुहान से पोखराहा -रजवाडीह, छह मुहान से बिस्फुटा होते हुए पाटन मोड़ तक प्रतिदिन चलाया जायेगा। पिंक सिटी बस का परिचालन सुबह 7 बजे से शाम 05 बजे तक होगा। इस अवसर पर निगम के सिटी मैनेजर समेत विभिन्न कर्मी मौजूद थे।



पिंक सिंटी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करे नगर आयुक्त व अन्य।

# पांच को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण को सम्मानित करेगा प्रजापति समाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रजापति समाज के द्वारा 5 जनवरी को अभिनंदन समान समारोह आयोजित कर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पांकी प्रखंड के सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति के पीरी मोड़ आवास पर आयोजित की जाएगी। पंचायत के मुखिया सुनील प्रजापति ने बताया कि 5 जनवरी 2025 दिन रविवार की सुबह 11:00 बजे पीरी मोड़ के निकट अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों प्रजापति समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे और पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को सम्मानित करेंगे। बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रजापति समाज के लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि सांगठनिक एकता में ही समाज का विकास संभव है। मौके पर मुखिया सुनील कुमार प्रजापति, श्याम नारायण प्रजापति, अनिरुद्ध प्रजापति, सुमंत प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, अरविंद प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।



पांकी विधायक के सम्मान समारोह के बारे में जानकारी देते समाज के लोग।

## दहेज की बलि वेदी चढ़ी गर्भवती प्रिया दूबे, मामला दर्ज

# हत्या के मामले में पति, सास ससुर गिरफ्तार, अन्य फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बिमला पांडेय स्कूल रोड बैरिया निवासी अरूण तिवारी के पुत्र मणिकांत तिवारी ने दहेज के कारण गर्भवती पत्नी प्रिया दूबे (24) को दहेज की बलि वेदी पर सुलाकर मौत की घटना को अंजाम दिया है।

**मृतका के पिता ने दर्ज करायी प्राथमिकी :** मृतका के पिता अरूण दूबे ने शहर थाना में हत्या के मामले की प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल 2024 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम काला पहाड़ निवासी अरूण तिवारी के पुत्र मणिकांत तिवारी के साथ सामर्थ्य के अनुसार विवाह संपन्न हुआ था।

एक थी प्रिया



### शादी के कुछ दिन बाद ही शुरू हो गयी प्रताड़ना

विवाह के कुछ माह बाद ही प्रिया के ससुरालवाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिये। पति समेत सास, ससुर, देवर, देवरानी उसे प्रताड़ित करते थे। कहा कि मृतका आठ माह की गर्भवती थी, जिसे मायके कोकरसा ले जाने के लिए दो जनवरी को हमलोग उसके ससुराल आये थे। ससुरालवालों ने विदा करने से इंकार कर दिया। तीन को अहले सुबह हम सभी लौट गये। लौटने के कुछ घंटे बाद ही खबर आयी कि प्रिया की हालत गंभीर है। यह सुन हम उसके ससुराल पहुंचे जहां उसे फांसी के फंदे में झूलता पाया। उसके शरीर के कई हिस्सों पर मारपीट के निशान थे। इस घटना की पुष्टि करते हुए शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मृतका के पिता अरूण दूबे ने प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। उस आधार पर मृतका के पति मणिकांत तिवारी, ससुर अरूण तिवारी, सास को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही शव को अंत्यपरीक्षण के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मृतका के देवर, ननद व अन्य पर भी प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की समीक्षा बैठक आयोजित

# सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में भूमिका निभायें कार्यकर्ता : मनोज सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा का सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित बीजेपी झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को 14 जनवरी तक हर हालत में पूरा करना है इसलिए सभी कार्यकर्ता तेजी से इस अभियान को बूथ स्तर पर करते चलें। समर्पित कार्यकर्ता कम से कम 50 की संख्या में लोगों को सदस्य बनाएं तभी वह सक्रिय सदस्य बन पायेंगे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मनोज सिंह व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** 2019 में झारखंड में सदस्यता अभियान में पलामू जिला तीसरे स्थान पर था। कार्यकर्ता मेहनत एवं लगन से अभियान को बढ़ते चले और लक्ष्य को पूरा करें। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि हमारी पार्टी विचारधारा एवं कार्यकर्ताओं पर आधारित रही है। समय-समय पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है जो कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाए रखना है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही आज हम विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरे हुए हैं। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि संगठन का कार्य निष्ठावान एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बल पर ही बढ़ता है। घर-घर गांव-गांव तक लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ते चले जा रहे हैं और आने वाले दिनों में संगठन का विस्तृत स्वरूप उभरकर सामने आयेगा। वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह ने कहा कि संगठन का कार्य लगातार चलते रहता है जहां जिस क्षेत्र में सदस्यता की गति थोड़ी धीमी है पदाधिकारी प्रभारी मंडल अध्यक्ष वहां प्रवास पर जाएं और लोगों मे जागरूकता बढ़ाएं ताकि लोग पार्टी की विचारधारा से अधिक से अधिक जुड़े। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री प्रियरंजन कुमार ने किया। बैठक में परशुराम ओझा, शिवकुमार मिश्र, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, विपुल गुप्ता, विजय कुशवाहा, सतीश पासवान, शुभम प्रसाद, नंदलाल गुप्ता, छोटू सिन्हा भी थे।

### असहाय और गरीबों के बीच कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद पलामू।** कामगारपुर के प्रखर समाजसेवी प्रभात सिंह उर्फ मुन्नू ने कड़ाके की ठंड को देख असहाय व गरीबों के बीच कंबल निजी खर्च से बांटा। प्रभात ने कहा कि इस शीतलहरी में गरीबों व असहायों की परेशानी को देख उन्होंने निजी खर्च से गांव के आसपास के असहाय व गरीबों को राहत देने का प्रयास किया है। उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशाशन से पलामू जिला के गरीब परिवारों को कंबल उपलब्ध कराने के साथ गांव में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है।

### विराट शिव गुरु महोत्सव 14 को



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय सीएचसी के नये भवन के पीछे बटाने नदी के तट पर 14 जनवरी को विराट शिव गुरु महोत्सव रखा गया है। इसे लेकर शिव शिष्यों ने भजन कीर्तन करते हुए शुक्रवार को नगर भ्रमण किया। साथ ही लोगों को उक्त महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। महाराजगंज ठाकुरबाड़ी से शुरू होकर भ्रमण यात्रा हरिहरगंज दुर्गा मंदिर, मुख्य बाजार, मेन रोड, अररुआ सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। सत्यनारायण शौंडिक सहित कई शिव शिष्यों ने बताया कि इस महोत्सव में शिव शिष्या दीदी बरखा आनंद शिव शिष्य हरिद्रानंद का संदेश जन-जन तक पहुंचायेंगे।

### फ्लाइंग आफिसर में सफल होने पर मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने अर्पित आनंद को किया सम्मानित



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के बरांव व वर्तमान में हमीदगंज कंदाखाड़ निवासी पंडित कमला तिवारी के पौत्र और सीआरपी अमिताभ किशोर व शिक्षिका पूनम तिवारी के पुत्र अर्पित आनंद ने पिछले दिनों फ्लाइंग आफिसर की परीक्षा में सफलता हासिल की थी। अर्पित की सफलता पर मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह शुक्रवार को उनके ननिहाल रेड़मा में पहुंच शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी समाज को नयी दिशा देने का प्रयास कर रही है। ऐसे युवाओं को आदर्श मान कर सभी युवा पीढ़ी को संघर्ष कर अपना मुकाम हासिल करना चाहिए, जिससे परिवार व समाज गौरवान्वित महसूस करे। अर्पित आनंद शहर के सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी के भगिना हैं। श्री तिवारी ने कहा कि परिवार के लिए यह गौरवशाली पल है।

## गरीबों की सेवा ही होती है परमेश्वर की पूजा : ट्री मैन डॉ कौशल व पार्षद अमित

खबर मन्त्र संवाददाता

- पर्यावरण धर्म के तहत डॉ कौशल व पार्षद अमित ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो बच्चे को लिया गोद
- धर्म गुरु ने दो श्राद्धकर्म में शामिल होकर किया पौधरोपण, तीन वर्ष पहले मां की भी हो गयी थी मौत

**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरू पंचायत के स्व बुधन यादव और चराई पंचायत स्व बिहारी राम के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में सेजिया दान के साथ दान किये गये पौधा लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी।



## बढ़ती आबादी को देखते हुए नगर आयुक्त उठायें सख्त कदम : विमला

खबर मन्त्र संवाददाता

- बीस सूत्री उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिलकर सौंपा ज्ञापन
- शहर की सड़कों और जलस्रोतों को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग

**मेदिनीनगर।** बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिलकर आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमें सड़क एवं जलश्रोतों के अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मांग किया है कि शहर में यातायात के नियमों का सख्ती से अनुपालन कराते हुए जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाया जाये। शहर के रेड़मा चौक, बैरिया चौक, छह मुहान, सदीक चौक, कोयल पुल, बेलवाटिका चौक, जिला स्कूल चौक, आढ़त रोड, कन्नीराम चौक, पंचमुहान समेत विभिन्न चौक चौराहों पर अवैध रूप से दुकान लगाकर एवं छोटे बड़े वाहनों को बेतरतीब तरीके से लगाकर जाम कर दिया जाता है। इस कारण स्कूली बस व एंबुलेंस वाहनों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## महुदंड : आजादी के अमृत काल में भी नेटवर्क सुविधा से है वंचित

गौतम पटेल

- मुखिया ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जन सुविधा पर दिलाया ध्यान

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुदंड पंचायत की जनता आज भी बीएसएनल के अलावा कोई नेटवर्क नहीं काम करने से त्रस्त है। जनता बिजली पानी व कई रोजमर्रा सुविधा से अनभिज्ञ हैं। मुखिया मीणा देवी व पंसस रमेश पासवान ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि महुदंड पंचायत प्रखंड मुख्यालय से 25 किमी दूर जंगल व सुदूरवर्ती क्षेत्र जहां पूर्व में बीएसएनएल के सात ग्राम में नेटवर्क टॉवर लगया गया था जिसमे आज चालू नही किया गया। इस क्षेत्र में बीएसएनएल के अलावा कोई नेटवर्क नहीं है। यहां पर सरकारी तथा आम जनता के कार्यों में परेशानी होती हैं। इसके कारण विकास कार्य भी बाधित हो रहा है।



### बैठक में सभी डीलरों की उपस्थिति अनिवार्य

**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली से संबंधित समीक्षा बैठक चार जनवरी दिन शनिवार को एक बजे अपराह्न से रखी गयी है। जानकारी देते हुए पाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी डीलरों को बैठक में उपस्थित रहने को कहा है। कहा कि बैठक में प्रतिवेदन के साथ सभी डीलरों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में डीलर मासिक प्रतिवेदन, लगातार छह माह से अनुपस्थित लाभुकों की सूची, मृत शादीशुदा महिला के नाम विलोपन की सूची जरूर रखें।

## तीर्थ स्थल भ्रमण से मन को शांति मिलती है : पप्पू सिंह



शिवशंकर पासवान

**पांकी पलामू।** पांकी राहेवीर पहाड़ी मंदिर से 65 तीर्थ यात्रियों का एक जत्था शुक्रवार को पांकी से बस के वाराणसी विंध्याचल अष्टभुजी प्रयाग राज चित्रकूट सत्यम सुईयां गुप्त गोदावरी हनुमान धारा गोकुल वृंदावन महाकुंभ सहित कई धार्मिक स्थलों के लिए रवाना हुआ। पांकी के वरिष्ठ धर्मावलंबी पप्पू सिंह ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जाने से मन को शांति व सुकून की प्राप्ति होती है शरीर में नयी ऊर्जा का संचार होता है। इस वर्ष पांकी प्रखंड वासियों में महाकुंभ स्नान के लिए काफी उत्साहित हैं समाज के लोग बढ़-चढ़ कर महाकुंभ की तैयारी में जुटे हैं।

# विश्रामपुर का बी मोड़ बना अतिक्रमण का अड्डा सड़क किनारे पर ठेला-खोमचे वालों का कब्जा

- सड़कें व चौक चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कराने की नहीं हो रही कार्रवाई
- चौड़ी सड़कों के बावजूद होते रहे हैं बढ़ते हादसे

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर की हृदय स्थली बी मोड़ चौक अतिक्रमण का शिकार बन गया है। यह स्थल पांडू-विश्रामपुर सहित एनएच 39 हाईवे मेदिनीनगर व गढ़वा जिला मुख्यालय होते हुए अंतरराज्यीय सड़कों को जोड़ती है। पूरे दिन सड़क पर गाड़ियों का आना जाना व चौक पर भीड़ बना रहता है। ऐसे में सड़क किनारे पैदल चलना खतरों से भरा पड़ा है, जो सदैव दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते रहती है। सड़क किनारे का हिस्सा जिसपर ठेला व खोमचे वालों का कब्जा है। जहां पूरे दिन लोगों की भीड़ लगी रहती है ऐसे में गाड़ियों का साइड लेकर आगे बढ़ाना व लोगों का पैदल चलना खतरों से भरा पड़ा रहता है। प्रायः छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रही है। लेकिन इसके प्रति जिम्मेवार लोगों के द्वारा संजीदगी नहीं दिखायी जाती। अगर यही स्थिति बनी रही तो कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती है। जिम्मेवार लोग यदा-कदा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की पहल की जाती रही है। लेकिन दूसरे ही दिन वे फिर से अपनी जगह पर अवस्थित होकर अपना कब्जा बनाये रह जाते हैं। विश्रामपुर नगर परिषद की सभी मुख्य पथ या गलियां अतिक्रमण का शिकार है। ऐसा भी नहीं की सड़के पूर्व से संक्रीर्ण हीं रही है। विश्रामपुर का क्षेत्र राज परिवार का हिस्सा रहा है। यहां की सभी रास्ते, गली व सड़के जरूरत के अनुरूप काफी चौड़ी रही है। लेकिन समय के साथ लोग झुग्गी, झोपड़ी, दुकान, ठेला, खोमचा स्थापित करें अतिक्रमण का शिकार बना लिये हैं।



सड़क पर कब्जा जमाये ठेला-खोमचा वाले।

# एसडीपीओ ने यातायात नियम तोड़नेवाले चालकों को माला पहनाकर किया जागरूक

- यातायात प्रभारी ने हेलमेटधारी चालकों को गुलाब फूल भेंट किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहान चौक, कचहरी चौक, रेड़मा चौक सहित विभिन्न चौराहों पर पुलिस प्रशासन चालकों को यातायात के नियमों को मनवाने को लेकर गंभीर है। इस मौके पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने छह मुहान पर बाइक चालकों व चार पहिया वाहन के चालकों को यातायात के नियम का पालन को लेकर जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट पहनकर व सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। वहीं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों को माला पहनाकर चेतावनी दी।



हेलमेट चलाने वाले बाइक चालकों को गुलाब देते एसडीपीओ व अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने सभी चालकों से कहा कि जीवन अनमोल है सुरक्षित रहकर सफर करें। बाइक चालक अपने कागजात साथ रखें व हेलमेट पहनकर वाहन चलायें। यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने व तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने की चेतावनी दी। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन कराने के लिए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम भी चलाये गये हैं। इसके बावजूद भी लोग यातायात नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं जिस कारण मजबुरन विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लोगों से यातायात नियम उल्लंघन करने के मामले में फाईन के रूप में राशि वसूल की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में लोगों में जागरूकता लाने के लिए शहर के छह मुहान के अलावे विभिन्न चौक चौराहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को फुल का माला पहनाकर व गुलाब फुल भेंटकर उन्हें जागरूक किया गया कि भविष्य में कभी भी नियम का उल्लंघन नहीं करेंगे।

# जिप अध्यक्ष व मुखिया ने किया कंबल का वितरण



कंबल वितरण करती जिप अध्यक्ष व मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत सचिवालय प्रांगण में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, मुखिया अनीता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य सुरुज देव पासवान, ने संयुक्त रूप से सिलीदाग पंचायत के गरीब, बेसहारों के बीच 150 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि प्रखंड कार्यालय से पंचायत को 150 कंबल प्राप्त कराया गया था, जिसका वितरण इस कड़ाके की ठंड में किया गया। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी, वार्ड सदस्य प्रभा देवी, अंजली देवी, दीपक पासी, प्रदीप कुमार, उदय मेहता, शैलेंद्र सिंह, पूनम देवी, नैना देवी, दिलवा देवी, रीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# बम कांड का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**एजेंसी**

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के गौनाहा थाना स्थित मठ मंझरिया चौक पर घटी विस्फोट की घटना के एक आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि एक आरोपित पुलिस पकड़ में नही आ सका है।पकड़या आरोपित पश्चिम चंपारण ज़िला के योगापट्टी थाना के लाला टोला बगही गांव निवासी कन्हैया मुखियाहै। फरार आरोपित शनिचरी थाना के मिश्री टोला बहुअरवा गांव निवासी कन्हैया महतो है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बीते 1 जनवरी को जानवरों को डराने व मारने के लिए दो व्यक्ति विस्फोटक सामग्री ले जा रहे थे किंतु विस्फोटक मठ मंझरिया चौक पर ही विस्फोट कर गया। इससे दोनो बाइक सवार जख्मी हो गए।पुलिस के पहुँचने के पूर्व ही दोनो भागने में सफल रहे।तकनीकी अनुसंधान से दोनो के नामों का सत्यापन किया गया और गुरुवार की रात्रि में घटना में शामिल कन्हैया मुखिया को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ में उसने खुलासा किया है कि सुअरों को डराने व मारने को लेकर वह क्रेकर बम जंगल ले जा रहा था। बाइक से गिर जाने के कारण बम विस्फोट हो गया। एसडीपीओ ने बताया कि मामले में गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव कुमार के बयान पर विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्जकर गिरफ्तार आरोपित को आज बेतिया जेल भेज दिया गया।

**खबर एक नजर में**

# डीसी ने सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



रवाना करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इसमें लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि मोटरसाइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गतिसीमा में करें, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, सड़कों पर चलने वाले वाहन, चालक एवं आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश सहित जिला परिवहन कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

# समाहरणालय में खुला एटीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय डाल्टनगंज के सौजन्य से गढ़वा समाहरणालय में लगाए गए एसबीआई एटीएम का शुक्रवार को जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने एसबीआई एटीएम की विशेषताओं की जानकारी लेने के उपरांत इसके सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि एसबीआई का एटीएम लग जाने से समाहरणालय आने वाले आमजनों एवं कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेग। समाहरणालय में एटीएम की सुविधा नहीं होने से अधिकारी, कर्मचारी एवं यहां आने वाले अन्य लोगों को असुविाा हो रही थी। पैसों की निकासी के लिए उन्हें अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था। एटीएम शुरू होने से सभी को सुविधा होगी। मौके पर भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबांक प्रेम कुमार झा, चीफ मैनेजर डिपज़िट एंड वास् कुमार सुमित, चीफ मैनेजर गढ़वा प्रशांत श्रीवास्तव, लीड बैंक मैनेजर सत्यदेव कुमार रंजन, चैनल मैनेजर प्रत्युष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।



उद्घाटन करते डीसी

# डीएवी मॉडल में मनी सावित्रीबाई फुले की जयंती



उपस्थित निदेशक व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल में सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कनक कुमारी, ग्रेसी कुमारी, रानी कुमारी, रिया कुमारी, अनुराधा कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। सावित्रीबाई फुले के बारे में बताते हुए निदेशक सुशील कुमार केशरी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थी। जिनका जन्म महाराष्ट्र के सतारा में हुआ था। उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए विद्यालय की स्थापना की। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज भारत सरकार की ओर से बच्चियों की सहायता के लिए सावित्रीबाई फुले योजना निकाली गई है। जिससे बच्चियों को आर्थिक मदद मिलती है। आज की बच्चियां उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकती है। इस दौरान प्राचार्य गुलाम सरवर, शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिन्हा, ओम प्रकाश शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर सुलेखा गुप्ता, आरती कुमारी, श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, सिमरन कुमारी, शिवानी कुमारी, चंदन कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# शहद उत्पादन एवं प्रोत्साहन नीति बनाएगी कृषि विभाग : मंगल पांडेय

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से बिहार सरकार में कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव के उद्घाटन मौके पर कहा कि रंग-बिरंगे फल, फूल, सब्जी एवं अन्य बागवानी उत्पादों से सुसज्जित बागवानी महोत्सव, 2025 कृषकों के उत्साह का गवाह है। कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो राज्य के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रिया-कलापों का आधार है। मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था में बागवानी खासकर फल, फूल, सब्जी, मसाला आदि की भूमिका अहम साबित हो रही है। वर्ष 2005 के समय राज्य में प्रतिव्यक्ति आय 7 हजार 500 के करीब थी, वहीं आज इस राज्य की प्रतिव्यक्ति आय 66 हजार हो गयी है। 20 वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्त्व में राज्य में लगभग 8 गुणा से अधिक प्रतिव्यक्ति आय बढ़ी है, जिसमें किसानों की बढ़ी आय का बड़ा योगदान रहा है।

# पशुपालन विभाग कर्मी कर रहे हैं पशुओं का जनगणना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड में जिला पशुपालन पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के पशुओं का जनगणना किया जा रहा है। इस दौरान डॉ. दिनेश कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्र में सभी प्रकार के पालतू जानवरों को जनगणना कर विभाग को ऑनलाइन रिपोर्ट किया जा रहा है। जिसमें गाय, भैंस, बकरी, सुअर, मुर्गी, सहित सभी पशुओं का जनगणना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के निर्देश पर किया जा रहा है ताकि पशुपालन विभाग में सभी प्रकार के वैक्सीन या अन्य दवाइयां मंगाया जा सके ताकि क्षेत्र में कभी भी वैक्सीन या दवाई की कमी ना पड़े। इसी दौरान डॉ. दिनेश कुमार यादव के द्वारा पशु जनगणना कर्मीयों को पहचान पत्र के रूप में टोपी (कैप) का भी वितरण किया गया। मौके पर अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, साहिल कुमार सिंह, पटेल कुश कुमार, यशवंत दूबे, विकास पाण्डेय, अविनाश कुमार, विशाल कुमार, सर्वोदय पटेल, कपिल देव शर्मा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



जनगणना करते कर्मी

# जिले की अच्छी छवि बनाने के लिए सभी लोग करे अपने कार्यों के दायित्व का निर्वहन : डीएम

**गोपालगंज।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच, पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने चिन्हित स्थानों पर प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की। मुख्य रूप से सुरक्षात्मक दृष्टिकोण के साथ-साथ व्यवस्थात्मक दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं पर उनके दायित्व संबंधित ब्रीफिंग की गई।

# प्रगति यात्रा को लेकर सुबह पौने 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचेगे गोपालगंज

**एजेंसी**

**गोपालगंज।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को प्रगति यात्रा को लेकर गोपालगंज आ रहे है। जिसमें उनके द्वारा परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान उदघाटन एवं शिलान्यास से संबंधित योजनाकों को जिला प्रशासन ने धरातल पर उतारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार 6733.670 राशि (लाख में) की 61 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे वहीं 13902.750 राशि (लाख में) की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कुल मिलाकर 7169.080 राशि (लाख में) की 72 योजनाओं को जिले के लोगों को सौगात देंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने कुछ योजनाओं को उनके उपस्थित में कार्यरूप देंगे। जबकि अधिकांश योजनाओं को रिमोट कन्ट्रोल से मुख्यमंत्री आईटीआई के परिसर से दबा करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10.45 में सिधवलिया प्रखंड के काशी टेगराही आईटीआई के पास बने हेलीपैड पर उतरेंगें। जहां मुख्य सचिव, डीजीपी सहित आला अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन, मंत्री और जदयू भाजपा के नेता उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान जिले में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम एक नजर में

-10:45 पूर्वा-ग्राम पंचायत - काशी टेंगराही, प्रखंड- सिधवलिया, जिला- गोपालगंज अंतर्गत आईटीआई सिधवलिया के पास अवस्थित हेलीपैड पर आगमन।

-10:50 पूर्वा.-हेलीपैड से आईटीआई, सिधवलिया, ग्राम काशी टेंगराही, ग्राम पंचायत काशी टेंगराही, प्रखण्ड- सिधवलिया के लिए प्रस्थान ।

-10:53 पूर्वा -आई टी आई सिधवलिया, ग्राम- काशी टेंगराही, ग्राम पंचायत काशी टेंगराही, प्रखण्ड सिधवलिया, जिला- गोपालगंज में आगमन एवं नवनिर्मित आई० टी० आई०, सिधवलिया, ग्राम- काशी टेंगराही, ग्राम पंचायत- काशी टेंगराही, प्रखंड- सिधवलिया, जिला- गोपालगंज का उद्घाटन / निरीक्षण एवं जिला से संबंधित विभिन्न विभागों के विकास योजनाओं का शिलान्यास/उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेना।

-11:10पूर्वा -आईटीआई सिधवलिया, ग्राम काशी टेंगराही, ग्राम पंचायत काशी टेंगराही, प्रखण्ड- सिधवलिया, जिला- गोपालगंज से ग्राम पकड़ी पोखरा टोला, पंचायत करसघाट, प्रखण्ड- सिधवलिया, जिला- गोपालगंज के लिए प्रस्थान।

-11:20पूर्वा-पकड़ी पोखरा टोला, ग्राम- पकड़ी, पंचायत करसघाट, प्रखण्ड- सिधवलिया, जिला- गोपालगंज आगमन एवं ओपेन जिम, वृक्षारोपण एवं जल जीवन हरियाली कार्यक्रम का अवलोकन एवं पकड़ी पोखरा टोला के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण तथा तालाब, सामुदायिक भवन, वर्कशेड आदि का अवलोकन एवं जीविका दीदियों से संवाद, महादलित टोले का भ्रमण तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल का निरीक्षण।

-12:00मध्या.-पकड़ी पोखरा टोला, ग्राम पकड़ी, पंचायत करसघाट, प्रखण्ड सिधवलिया, जिला- गोपालगंज से आई० टी० आई० सिधवलिया, ग्राम- काशी टेंगराही, पंचायत काशी टेंगराही, प्रखण्ड- सिधवलिया, जिला- गोपालगंज स्थित हेलीपैड के लिए के प्रस्थान।

-12:10 अप.-आईटीआई सिधवलिया, ग्राम काशी टेंगराही, ग्राम पंचायत काशी टेंगराही, प्रखंड सिधवलिया, जिला- गोपालगंज स्थित हेलीपैड पर आगमन।

-12:15 अप-आईटीआई सिधवलिया, ग्राम काशी टेंगराही, ग्राम पंचायत काशी टेंगराही, प्रखण्ड सिधवलिया, जिला- गोपालगंज स्थित हेलीपैड से ग्राम- सलेमपट्टी, वार्ड नं.- 10, नगर परिषद मीरगंज, जिला- गोपालगंज स्थित हेलीपैड के लिए प्रस्थान।

-12:35 अप-ग्राम- सलेमपट्टी, वार्ड नं.- 10, नगर परिषद मीरगंज, जिला- गोपालगंज स्थित हेलीपैड पर आगमन।

-12:40 अप.-प्रस्तावित मीरगंज बाईपास एवं मीरगंज से विजयीपुर प्रखंड के पगरा (यू०पी० बोर्डर) तक संपूर्ण सड़क के चौड़ीकरण हेतु भारत पेट्रोल पम्प के विपरित भाग, वार्ड नं0-09, नगर परिषद मीरगंज, जिला-गोपालगंज में प्रारंभिक बिन्दु पर अवस्थित कियोस्क के लिए प्रस्थान।

12:43अप०-प्रस्तावित मीरगंज बाईपास एवं मीरगंज से विजयीपुर प्रखंड के पगरा (यू०पी० बोर्डर) तक संपूर्ण सड़क के चौड़ीकरण हेतु भारत पेट्रोल पम्प के विपरित भाग, ग्राम- सलेमपट्टी, वार्ड नं.- 09, नगर परिषद मीरगंज, जिला- गोपालगंज में प्रारंभिक बिन्दु पर अवस्थित ङक्ष्ररङ पर आगमन एवं उसका अवलोकन।

-12:58अप०-ग्राम- सलेमपट्टी. वार्ड नं.-09, नगर परिषद मीरगंज, जिला- गोपालगंज में अवस्थित कियोस्क से प्रस्तावित गोपालगंज बाईपास हेतु तुरु कहां पुल के समीप (किनारे), ग्राम- तुरकहां, पंचायत- चौरांव, प्रखंड- गोपालगंज, जिला- गोपालगंज में अंतिम बिन्दु पर अवस्थित कियोस्क के लिए प्रस्थान।

01:10अप-प्रस्तावित गोपालगंज बाईपास के लिए तुरकहां पुल के समीप (किनारे), ग्राम तुरकहा, पंचायत चौरांव, प्रखण्ड गोपालगंज, में अंतिम बिन्दु पर अवस्थित कियोस्क पर आगमन एवं उसका अवलोकन।

-01:25 अप-तुरकहां पुल के समीप (किनारे), ग्राम- तुरकहा, पंचायत- चौरांव, प्रखंड- गोपालगंज में अवस्थित कियोस्क से जिला अतिथि गृह, गोपालगंज के लिए प्रस्थान।

-01:35 अप जिला अतिथि गृह गोपालगंज मे आगमन एवं अल्प विश्राम।

-02: 28 अप जिला अतिथि गृह, गोपालगंज से समाहरणालय, सभा भवन, गोपालगंज के लिए प्रस्थान।

-02:30अप.-समाहरणालय, सभा भवन, गोपालगंज में आगमन एवं जिला स्तरीय भौतिक/ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक।

-03:30 अप-समाहरणालय, सभा भवन, गोपालगंज से पुलिस लाईन, गोपालगंज, ग्राम बंजारी, पंचायत बसडीला, प्रखण्ड गोपालगंज, जिला- गोपालगंज, में निर्मित हेलीपैड के लिए प्रस्थान।

03:45अप- निमार्णाधीन पुलिस लाईन, गोपालगंज, ग्राम बंजारी, पंचायत बसडीला, प्रखण्ड- गोपालगंज में स्थित हेलीपैड पर आगमन एवं पटना हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान।

# स्व. राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल पांच को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता स्व. राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 का खिताबी मुकाबला 5 जनवरी को खेला जाएगा। बिहार एवं झारखंड के बीच भिड़ंत के रूप में चर्चित इस मुकाबले में झारखंड राज्य अंतर्गत मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के मोरबे एवं बिहार राज्य अंतर्गत रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड के तिलोखर गांव की टीमों के बीच मुकाबला होगा।

इस फाइनल मैच के दौरान आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह होंगे। इसकी जानकारी देते हुए टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष विपुल कुमार सिंह ने कहा कि स्व. राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 का फाइनल मुकाबला 5 जनवरी को हरि गांव मोड बस स्टैंड के समीप स्थित खेल मैदान में खेला जाएगा। ज्ञात हो कि यह इस क्षेत्र का बहुत ही चर्चित मुकाबला है। लिहाजा इसके मैचो के दौरान दर्शकों की काफी भीड़ हुआ करती है। उद्घाटन एवं फाइनल मुकाबले में तो मैदान में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ती है। उल्लेखनीय है कि इस मुकाबले का फाइनल मैच 27 दिसंबर 2024 को ही होना था। लेकिन भारत के दो बार प्रधानमंत्री रहे डक्टर मनमोहन सिंह के निधन के कारण 7 दिनों का राजकीय शोक घोषित हो जाने से उसे रद्द कर दिया गया था। 5 को 12:00 बजे दिन में फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा किया जाएगा। जबकि खेल के निर्णय के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि के द्वारा विनर एवं रनर ट्रॉफी तथा क्रमशः 15 हजार व 8 हजार नगद पुरस्कार दिया जाएगा। विपुल कुमार सिंह एवं मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने अधिक से अधिक संख्या में दशकों से मैदान में उपस्थित होने एवं खेल का आनंद लेने की अपील की है।



टूर्नामेंट के उद्घाटन में मौजूद मुख्य अतिथि (फाइल फोटो)

# जवाहर नवोदय और ज्ञान निकेतन क्वार्टर फाइनल में



पुरस्कार देते उपायक्ष नंद कुमार गुप्ता व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 18वें दिन खेले गए मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट को 37 रन से हराकर वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन की टीम ने रोमांचक मुकाबले में एक रन से संत पॉल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जवाहर नवोदय विद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 126 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट की टीम 90 रन पर ही सिमट गई। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए संत पॉल ऐकेडमी के गेंदबाजी के सामने 57 रन पर ही सिमट दिया। शिवम और प्रतीक ने तीन-तीन और उत्कर्ष ने दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल एकेडमी की टीम 56 रन पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय के अभिषेक और संत पॉल के प्रतीक को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ने प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, अभय दुबे, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, धीरज दुबे, आकाश, प्रिंस खान, आलोक गुप्ता, मनोज तिवारी, गोलु दास सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट 5 जनवरी से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह भावी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी ने आगामी 5 जनवरी को गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला सीजन 3 के तत्वावधान में आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट के भव्य आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने कहा कि बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशिष्ट अतिथि के रूप में अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी शिरकत करेंगे। संरक्षक के रूप में राधा-कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास उपस्थित रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बैडमिंटन टूर्नामेंट में 19 टीमें हिस्सा लेंगी।

विजेता टीम को चमचमाती ट्रफी के साथ 11 हजार रूपये नगद एवं उपविजेता टीम को 5100 रूपये नगद एवं ट्रफी प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 14 जनवरी को खेला जाएगा। मौके पर व्यवस्थापक विनोद आनंद त्रिपाठी उर्फ रिंकू पंडा, शिव शंकर कमलापुरी, पप्पू जायसवाल, चंदन कमलापुरी, पप्पू खलीफा, धर्मेंद्र पांडेय, गुड्डू रंगसाज उपस्थित थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते मारूत नंदन सोनी

# टीएस 11 ने खिताब पर जमाया कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत स्थित बोदरा पंचायत के पीहा मैदान में चल रहे ब्लू स्टार क्रिकेट क्लब सीजन 4 टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला टीएस 11 टिकोरवा एवं बरवहिया टीम के बीच खेला गया। टस जीतकर बरवाहिया की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टीएस 11 टिकोरवा की टीम ने निर्धारित 14 ओवर में दो विकेट खोकर 195 रन बनाये। जवाब में बरवाहिया की टीम दो विकेट खोकर 165 रन ही बना पाई। इस तरह टीएस 11 टिकोरवा की टीम ने 30 रनों से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सोनपुरवा पंचायत के मुखिया अख्तर खान ने विजेता टीम के कैप्टन सैफ खान को शील्ड के साथ साथ 10 हजार रुपये नगद प्रदान किया। जबकि उप विजेता बरवाहिया की टीम के कैप्टन कैफ खान को ट्रॉफी एवं प्रोत्साहन राशि के रूप में 5 हजार रुपये दिये गये। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब टिकोरवा टीम के अनुज मौर्य को दिया गया। मौके पर कलामुद्दीन खान, चांचू सिंह, समरोज खान, मनन खान, धनंजय गुप्ता, नसरुद्दीन खान, आमिर खान, अव्वल खान, दिलशाद आलम, राजिक खान, हबीब खान, फिरोज खान, सादिक, मोबीन, रुस्तम, अहमद, आबिद, सरफुद्दीन खान, जोखू खान उर्फ नजरुद्दीन खान सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

स्पीड न्यूज

## मुखिया ने किया गरीबों व असहायों के किया बीच कम्बलों का वितरण



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत सचिवालय के समीप मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को गरीबों एवं असहायों के बीच 110 कम्बलों का वितरण किया। वहीं मुखिया रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि इन दिनों ठंड काफी बढ़ गई है, ऐसे में गरीबों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड को देखते हुए विभागीय स्तर पर गरीबों के बीच कम्बलों का वितरण किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है, पंचायत के विकास के लिए यहां के जनप्रतिनिधि तत्पर हैं। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायत में प्रशासन ने प्रत्येक वार्ड के लिए दस कम्बल दिये हैं, जो बहुत कम है। प्रशासन प्रखंड की सभी पंचायतों में कम से कम 150 से 200 कम्बलों का वितरण करें, तभी प्रत्येक वार्ड के असहायों व गरीबों को कंबल मिल पाएगा। मौके पर मो.शमीम अंसारी, इशाक मियां, वमनी खातुन, शहाबुन खातुन, गोविंद साव, राम सहाय सिंह, जैतुन खातुन, कुमकुम खातुन, शद्दीक अंसारी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी दिव्यांग श्रेया



**कोडरमा।** जीवन में परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हो, लेकिन मन में कुछ करने का जज्बा हो, इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास प्रबल हो, तो न दिव्यांगता बाधा बनती है और न ही गरीबी आड़े आती है। इसे सिद्ध कर दिखाया है कोडरमा की कोडरमा जिला तीरंदाजी संघ अंतर्गत संचालित फोकस एंड फेथ तीरंदाजी ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षक विशाल सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांग बालिका तीरंदाज श्रेया कुमारी। आज वह जीती जागती दृढ़ इच्छाशक्ति का बड़ा चेहरा है। बचपन में ही एक पैर पोलियो का शिकार होने के बावजूद श्रेया ने अपने हौसलों और इरादों के बल पर उंची उड़ान भरने की तैयारी कर रखी थी। श्रेया को 8 से 12 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर शहर में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में झारखण्ड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। कोडरमा की करमा निवासी श्रेया कुमारी के पिता रूपेश कुमार का एक छोटा सा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है एवं मां गृहिणी कंचन बाला हैं। श्रेया 1.5 वर्ष पहले हीं तीरंदाजी की शुरुआत की और आज वह तीरंदाजी के राष्ट्रीय पटल पर दस्तक दे रही है।

## अज्ञात बस की चपेट में आने से एक वृद्ध घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक पर अज्ञात बस की चपेट में आने से साइकिल सवार एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया। घायल की पहचान 80 वर्षीय प्रयाग यादव झुमरी निवासी के रूप में की गई है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रयाग यादव झुमरीतिलैया शहर के माइका गली में माइका की कटिंग करते हैं। वे अपना कार्य कर वापस अपने घर झुमरी जा रहे थे। इसी बीच महाराणा प्रताप चौक पर एक अज्ञात बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे उनका एक पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच ड्राइवर बस लेकर वहां से फरार हो गया।

### राजद नेता ने अपने आवास से किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ

# एकता के बंधन में नहीं बंधे तो लोकतंत्र और संविधान नहीं बचेगा : सुभाष प्रसाद यादव

- दर्जनों लोगों ने ली राजद की सदस्यता

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड में एक करोड़ सदस्य बनाने का संकल्प लिया है। झारखण्ड-बिहार बॉर्डर पर बसा कोडरमा राजद का गढ़ रहा है। कोडरमा जिले में राजद का सदस्यता अभियान का शुभारंभ पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने शुक्रवार को अपने झुमरीतिलैया आवास से शुरू किया। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें राजद नेता ने सदस्यता रसीद सौंपी। वहीं राजद नेता ने कहा कि झारखण्ड में एक करोड़ सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया है। झारखण्ड में राजद का जनाधार है और जनता मालिकों को एकजूट करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल शिद्दत से पार्टी की विचारधारा से जोड़कर सदस्य बनाएगी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीब गुरबों के अधिकार की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष किया है। सामाजिक-आर्थिक न्याय का रास्ता प्रशस्त किया है। लेकिन वर्तमान देश की परिस्थिति में लोकतंत्र और संविधान पर सुनियोजित हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि एकता के बंधन में नहीं बंधे, तो देश में लोकतंत्र और संविधान नहीं बचेगा। उन्होंने कोडरमा जिले के सभी न्याय पसंद और बाबा साहब, पेरियार, ज्योतिबाई फूले, कर्पूरी ठाकुर, लालू प्रसाद यादव के विचारों को मानने वाले जनता मालिकों को एकता के बंधन में बंधकर राजद का सदस्यता अभियान को सशक्त बनाने की अपील की। मौके पर कंचन यादव, सदानंद सिंह, अशोक यादव, घनश्याम तुरी, विजय यादव, चरणजीत सिंह, महेश यादव, धीरज यादव, नीरज कुमार, संजय दास, धनंजय साव, पूजन केशरी आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल में माताओं के बीच किया बेबी किट का वितरण

### कहा- बेटी है वरदान, इसका करो सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला प्रशासन (समाज कल्याण कार्यालय) के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सदर अस्पताल में बेबी किट का वितरण किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा सदर अस्पताल पहुंच कर बेबी के माताओं के बीच बेबी किट का वितरण किया और कहा बेटी है वरदान, इसका करो सम्मान का संदेश दिया।

इसके साथ ही उपायुक्त ने भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

### सदर अस्पताल निरीक्षण कर दिये कई निर्देश

उपायुक्त ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों यथा एसएनसीयू, ओटी, लेबर रूम, आयुष्मान वार्डों समेत अन्य का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं उन्होंने सदर अस्पताल में विकास के लिए किये जा रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिये। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार, डीएसडीब्लूओ कनक कुमारी तिर्की, डीएस सह एसीएमओ डॉ.रंजीत कुमार, डीपीएम महेश कुमार समेत समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

- कोडरमा से दिल्ली की दूरी मात्र 11-12 घंटे में तय की जा सकेगी
- हाजीपुर व धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने तैयारी का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेलवे ने नववर्ष में यात्रियों को विशेष सौगात देने की तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली से हावड़ा के बीच ट्रेनें अब 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। ऐसे में दिल्ली से हावड़ा तक का सफर कम समय में कर पाना संभव होगा। वर्तमान में दिल्ली से हावड़ा की दूरी तय करने में 16-18 घंटे लगते हैं। अब नयी व्यवस्था के बाद यह दूरी मात्र 13-14 घंटों में पूरी हो जायेगी। कोडरमा से दिल्ली की दूरी तो मात्र 11-12 घंटे में तय की जा सकेगी। रेलवे ने इस मिशन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग चरणों में काम शुरू कर दिया है। खासकर ऑटो सिग्नल प्रणाली को लागू करने का काम अंतिम चरण में है। वहीं गुरुवार को हाजीपुर व धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने कोडरमा से गझंडी व गझंडी से सरमाटांड़ के बीच ऑटो सिग्नल प्रणाली लागू करने की तैयारी का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों की टीम ने मोटर ट्रॉली और ट्रेन के जरिए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबकुछ सही पाया गया तो अगले 10 दिन के अंदर हर एक किलोमीटर पर चार ट्रेनों का परिचालन संभव हो सकेगा। फिलहाल इस खंड पर एक समय पर दो ट्रेनों का ही परिचालन हो रहा है। रेलवे की यह योजना ट्रैक के उपयोग को दोगुना करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञात हो कि वर्तमान में वंदे भारत एक्सप्रेस 130 किमी प्रति घंटे और राजधानी सहित अन्य मेल एक्सप्रेस 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इस रूट पर चल रही हैं। इस परियोजना के तहत दिल्ली से हावड़ा तक दोनों ओर दीवारें खड़ी की जा रही हैं ताकि मवेशी और लोग ट्रैक के पास न आ सकें और ट्रेनें बिना किसी रुकावट के अपनी पूरी गति से चल सकें। निरीक्षण के दौरान हाजीपुर के मुख्य अभियंता बीएन भास्कर, मुख्य लोको अभियंता पी चक्रवर्ती, मुख्य सिग्नल अभियंता राकेश रंजन, कार्य प्रमुख संकेत व दूरसंचार अधिकारी मोनिश श्रीवास्तव एवं धनबाद मंडल से वरिष्ठ डीएसटी रजनीश पांडेय, डिप्टी सीएसटीई राहुल देव, वरिष्ठ सेक्शन अभियंता बी इस्लाम, केएन राय, टीआइ अरविंद सुमन, आनंद मोहन आदि मौजूद थे।

## पोषण सखी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पोषण सखी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ ओम प्रकाश बड़ाईक ने की। इस कार्यक्रम की शुरुआत में पोषण दीदी सखियों के द्वारा मौजूद अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया, जिसके बाद मौजूद अतिथियों के द्वारा 75 पोषण सखियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण सखी बहाल की है, जो अपने क्षेत्र में सर्वे कर कुपोषित बच्चों की बीमारी से मुक्त करने का काम करेगी। साथ ही स्वच्छ समाज की नव निर्माण की पहल करेगी। वहीं जिला परिषद् सदस्य नीतू कुमारी ने कहा कि पोषण सखी अपने कार्य को सेवा भाव समझें और बढ़िया से काम करें, अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करके दिखायें, ताकि कभी ऐसी दोबारा स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं उन्होंने कहा कि मुझे वह दिन याद है, जब पोषण सखी छोटे-छोटे बच्चों को लेकर विधानसभा का घेराव कर रही थीं, जिसके फलस्वरूप आज वह संघर्ष के दिन खुशी के दिन में बदला है। इसके लिए आप सबों को शुभकामनाएं। मौके पर प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, उप प्रमुख मनोज निराला, पोषण दीदी और प्रखंड जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हेल्थ कैंप व जागरूकता अभियान का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय द्वारा ड्राइवरों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस



विशेष कार्यक्रम में सड़क पर बिना हेलमेट चलने वालों को गुलाब का फूल देकर उन्हें हेलमेट पहनने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डीटीओ विजय कुमार सोनी की अगुवाई में किया गया। मौके पर यातायात प्रभारी ओमप्रकाश कुमार, डीआरएसएम हिमांशु रंजन, आरईए अम्मार सिद्दीकी एवं अभिषेक मारंडी मौजूद थे।

## एसपी ने तिलैया डैम ओपी का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने तिलैया डैम (ओपी) का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपी में संधारित सभी अभिलेखों की गहनता से जांच एवं समीक्षा की गयी। वहीं ओपी के साफ-सफाई, रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। वहीं तिलैया डैम (ओपी) प्रभारी एवं थाना में उपस्थित पदधिकारी/कार्मियों के बीच थाना के अभिलेखों एवं अन्य कार्यों का बटवारा कर सभी अभिलेखों का सही तरीके से संधारित कर अद्यतन करने का निर्देश दिया।

वहीं आम जनता एवं पुलिस के बीच की दूरी को कम कर आम जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित करने एवं थाना में आए सभी फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा उनके फरियाद को गंभीरता से सुनकर उसका निदान करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

## एक नजर में

### राजपुर में साहूसा कंस्ट्रक्शन पर हेरा-फेरी का आरोप, वीडियो वायरल



**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के राजपुर गांव स्थित स्थानीय साहूसा कंस्ट्रक्शन की छड़-सीमेंट दुकान पर ग्राहकों के साथ हेराफेरी का मामला सामने आया है। वजन करने वाले कांटे में गड़बड़ी कर ग्राहकों को ठगने का आरोप लग रहा है। इस मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब एक ग्राहक ने 640 किलो छड़ खरीदने के बाद दूसरी दुकान पर वजन की पुष्टि कराई, जहां छड़ का वास्तविक वजन केवल 600 किलो निकला। इस धोखाधड़ी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कांटे की गड़बड़ी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। आरोप है कि दुकान मालिक ग्राहकों को कम कीमत का लालच देकर उनका भरोसा जीतता है और फिर वजन में हेराफेरी कर भारी मुनाफा कमाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह धोखाधड़ी पिछले तीन सालों से चल रही है और सैकड़ों ग्राहकों को इसका शिकार बनाया गया है। लोग अब दुकान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन से अनुरोध किया जा रहा है कि इस मामले की गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इससे अन्य दुकानदारों को भी सबक मिलेगा और ग्राहकों का भरोसा बना रहेगा।

### चतरा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात, कानून-व्यवस्था पर हुई चर्चा



**चतरा।** चतरा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक चतरा, विकास कुमार पांडे से मुलाकात कर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान चतरा जिले की प्रशासनिक और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। रश्मि प्रकाश ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की और जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। इस बैठक में जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। समाज में शांति और समरसता बनाए रखने के प्रयासों में इस मुलाकात को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रश्मि प्रकाश ने आशा व्यक्त की कि प्रशासनिक और सामाजिक सहयोग से चतरा जिले का विकास तेजी से होगा।

### नवादा पंचायत के टैयाक्रम में विशेष ग्राम सभा आयोजित

**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत के टैयाक्रम गांव में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता पंचायत मुखिया भारत यादव ने की और संचालन पंचायत सचिव मुकेश यादव ने किया। सभा का मुख्य उद्देश्य आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनके दस्तावेजों को प्रमाणित करना और भूमिहीन परिवारों के लिए भूमि का प्रावधान सुनिश्चित करना था। ग्राम सभा में यह तय किया गया कि बैगा और विरोहर जैसे आदिम जनजाति परिवारों के लिए जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र ग्राम सभा में प्रमाणित कर निर्गत किए जाएंगे। खतियान और रसीद नहीं होने के कारण इन परिवारों को कई सरकारी योजनाओं जैसे पेंशन और बच्चों की शिक्षा के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सभा में भूमिहीन आदिम जनजाति परिवारों को भूमि पर्चा देने के लिए सर्वे करने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह पहल इन परिवारों को स्थायी आवास और खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, सीईओ दीपक कुमार मिश्रा, बीपीओ राकेश कुमार सिन्हा समेत पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारीसाखी व मझगांवा पंचायत भवन में कंबल वितरित

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी और मझगांवा पंचायत भवन में शुक्रवार को कंबल वितरण किया गया। बारीसाखी पंचायत में 33 वृद्ध महिलाओं और 22 पुरुषों, जबकि मझगांवा पंचायत में 47 वृद्ध महिलाओं और 38 पुरुषों को कंबल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया सुमीरा कुमारी और सरिता देवी ने संयुक्त रूप से वितरण किया। पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने कहा कि यह पहल ठंड से बचाव के लिए की गई है। मौके पर कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिक्षा विभाग के बीईओ की मनमानी से अध्यक्ष सचिव के साथ नहीं हो सकी बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को शिक्षा विभाग द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा, उत्क्रमित कन्या विद्यालय सलगा और मध्य विद्यालय गिद्धौर के अध्यक्ष, सचिव तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के संयोजक के साथ बैठक आयोजित की जानी थी। हालांकि, बीईओ के मनमानी रवैया के कारण बैठक नहीं हो सकी। बैठक के लिए चिट्ठी जारी की गई थी, जिसमें प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक प्रबंधक एसएफसी गिद्धौर को आमंत्रित किया गया था। लेकिन बैठक के आयोजन से पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। बीईओ ने बिना पूर्व जानकारी दिए अपने पदाधिकारी बीपीओ नीरज कुमार को बैठक में भेज दिया, जिसके कारण बैठक नहीं हो पाई। इस बैठक में सलगा विद्यालय से प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी, अध्यक्ष गायत्री देवी और संयोजिका रेखा देवी, वहीं गिद्धौर विद्यालय से प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय और संयोजिका ललिता देवी उपस्थित थे।

### नवादा पंचायत के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग की



**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत के खुटवालिया, सिंदरी, कोयता, उलवार, रजवार, टटेज, इचाक, रगनीतरी समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने सिंदरी से चिलोय तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं होने से पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए उन्हें पगडंडियों या दूसरे मार्गों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे दूरी लगभग 30 किलोमीटर तक बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने पंचायत मुखिया भरत यादव से गुहार लगाई है कि अगर यह सड़क बनती है, तो पंचायत मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक पहुंचने की दूरी 20 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। इसके अलावा, शाहपुर, मेदवाडीह, इचातु जैसे गांवों के लोगों को भी जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सहूलियत होगी। मुखिया भरत यादव ने ग्रामीणों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि आजादी के बाद से इन गांवों में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को सांसद, विधायक और चतरा उपायुक्त के समक्ष रखकर समाधान के लिए पहल की जाएगी।

### जिले में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, जागरूकता रथ रवाना



**चतरा।** जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रमेश घोलप ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। अभियान के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन जांच और अन्य सुरक्षा उपायों को लेकर भी कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, रोड सेफ्टी मैनेजर अमित कंसल सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## चतराः औद्योगिक नगरी टंडवा में मौत और प्रदूषण का अघोषित शासन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के टंडवा क्षेत्र में डेढ़ दशक से जारी सड़क हादसों और प्रदूषण की त्रासदी ने सैकड़ों विस्थापित और प्रभावित परिवारों की जिंदगी को बर्बादी की कगार पर ला खड़ा किया है। यहां औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़े कोयला परिवहन और उत्पादन के कारण हर महीने औसतन 10 मौतें सड़क हादसों में हो रही हैं, लेकिन इनका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

**नो एंट्री के बावजूद बढ़ रहे हादसे :** हाल ही में प्रशासन ने सड़क हादसों को रोकने के लिए कुछ क्षेत्रों में आंशिक नो एंट्री का आदेश जारी किया था। लेकिन प्रतिबंधित समय के दौरान ही भारी वाहनों ने दो गंभीर हादसों को अंजाम दिया। 23 दिसंबर को उड़सू के पास एक कोल ट्रांसपोर्टिंग वाहन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जबकि चार दिन पहले टंडवा-पिपरवार रोड पर एक राख ढुलाई वाहन ने दोपहिया सवारों को चपेट में लिया। इनमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

**मृतकों के मुआवजे में मोलभाव :** हादसों के बाद मुआवजे को लेकर घंटों मशक्कत और मोलभाव की घटनाएं आम हो गई हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद मुआवजे में कटौती से बिचौलिये अपनी जेबें भरते हैं। असमान और अनैतिक मुआवजा वितरण पर चतरा के सांसद ने लोकसभा में आवाज उठाई थी, लेकिन हालात अब भी जस के तस हैं।

**प्रदूषण ने छीन ली सांसों की आजादी :** कोयले की धूल, चिमनियों से निकलता धुआं और जहरीली राख टंडवा के पर्यावरण और लोगों की सेहत पर कहर बरपा रहे हैं। इनसे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन, बड़ी कंपनियां और प्रशासन इन मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। विस्थापित परिवारों का आरोप है कि उनकी जिंदगी और भविष्य को नजरअंदाज कर मुनाफे पर फोकस किया जा रहा है।

**लाचार सिस्टम और बढ़ता आर्तनाद :** परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी और ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग ने हादसों को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डेढ़ दशक से प्रशासनिक तंत्र सिर्फ कागजी आदेशों तक सिमटा हुआ है।

**विस्थापितों के अधिकारों की अनदेखी :** विस्थापित परिवारों का दावा है कि उनके त्याग और बलिदान के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी और औद्योगिक कंपनियां संवेदनहीन रवैया अपना रही हैं। प्रदूषण और हादसों के बीच उनका भविष्य अंधकारमय हो चुका है।

## कमीशनखोरी की भेंट चढ़ी बच्चों के पोशाक की राशि

- एक वेंडर को मिला आपूर्ति का ठेका

**चतरा।** सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के पोशाक की आपूर्ति में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का मामला सामने आया है। जिले के कक्षा एक और दो में पढ़ने वाले करीब 30,000 बच्चों के लिए आवंटित राशि का दुरुपयोग करते हुए निम्न गुणवत्ता के पोशाक वितरित किए गए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति और संबंधित प्रखंड के सीआरपी की मिलीभगत से तीन फर्मों–चावला इंटरप्राइजेज, श्रीराम इंटरप्राइजेज और जय मां काली इंटरप्राइजेज–के जरिए पोशाक की आपूर्ति का जिम्मा एक ही वेंडर को सौंपा गया। सूत्रों के अनुसार, इस प्रक्रिया में लाखों रुपये की अनियमितता की गई है।

> ‘स्कूलों को उच्च गुणवत्ता वाले पोशाक खरीदने का निर्देश दिया गया था। अगर कहीं निम्न गुणवत्ता की आपूर्ति हो रही है, तो जिम्मेदार स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।’
>
> **अभिषेक बड़ाइक**
> जिला शिक्षा अधीक्षक

**निम्न गुणवत्ता वाले पोशाक का वितरण :** बच्चों को दिए गए पोशाक की गुणवत्ता बेहद खराब है। वहीं, कई स्कूलों में अब तक पोशाक का वितरण नहीं हुआ है, लेकिन वेंडर द्वारा राशि की निकासी पहले ही कर ली गई है। जिले के 1517 प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक और दो के लगभग 40,000 बच्चों के लिए प्रति छात्र 600 रु. आवंटित किए गए थे।

**डीबीटी के तहत भी असमानता :** जहां कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए 800 रुपये सीधे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए उनके अभिभावकों के खाते में भेजे गए, वहीं कक्षा एक और दो के बच्चों के लिए यह राशि स्कूल प्रबंधन समिति को दी गई। समिति ने अधिक कमीशन के लिए खराब गुणवत्ता वाले पोशाक की खरीद को प्राथमिकता दी।

**प्रशासन की लापरवाही से बढ़ा भ्रष्टाचार :** शिक्षा विभाग के निर्देशों के बावजूद स्कूल प्रबंधन समिति और सीआरपी ने अनियमितताओं को अंजाम दिया। कई स्कूलों में पोशाक आपूर्ति के बिना ही राशि निकाल ली गई है।

## स्पीड न्यूज

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गांधीवादी तरीके से माला पहनाया गया



गुमला। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने व यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को गांधीवादी तरीका से पटेल चौक के पास गुलाब का फूल एवं माला पहनाकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। डीटीओ राकेश कुमार गोप, डीएसपी बीरेंद्र टोप्पो, मोटरयान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा कहा गया कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने से बेहतर है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो घरवाले आपके सुरक्षित लौटने का इंतजार कर रहे होते हैं। जीवन बहुमूल्य है इसे लापरवाही में नहीं गवाएं। पूरे माह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है: संयुक्ता



गुमला। गुमला सदर प्रखंड के अंबवा गांव में जतरा मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने फीता काटकर उदघाटन किया। मौके पर संयुक्ता देवी ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। जिसे संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। जतरा के माध्यम से हम अपनी सभ्यता व संस्कृति को युवा पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं। जतरा समरसता का भी प्रतीक है। जहां सभी लोग पहुंचकर एक दूसरे से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि जतरा की परंपरा हमारे पूर्वजों से मिला है। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उड़ीसा, बंगाल व रांची के कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर समा बांध दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राउरकेला के कलाकरों ने फोग डांस प्रस्तुत किया तो रांची के कलाकारों ने मर्दाना झूमर प्रस्तुत किया। वहीं रजनी कुमारी, महावीर साहु व क्यूम अब्बास अंसारी के कर्ण प्रिय गीतों पर रात भर लोग झूमते रहे। इस अवसर पर आयोजन समिति के अजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, प्रदीप सिंह, महेश सिंह, बादल सिंह, राजेंद्र सिंह, अमन सिंह, संतोष पंडित आदि उपस्थित थे।

### सलगी पीरहापत्थल गांव के पीवीटीजी परिवार से बीडीओ ने की मुलाकात



घाघरा। घाघरा प्रखंड के सलगी पीरहापत्थल गांव पहुंच बीडीओ दिनेश कुमार ने आदिम जनजाति के परिवार के लोगों से मुलाकात किया। इस क्रम में स्कूल, जलमीनार, आवास और कई मूलभूत सुविधा को देखा। वहीं आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने बीडीओ से कहा कि स्कूल का भवन जर्जर हो गया है जल्द इसको बनवा दें। साथ ही सलगी से गांव तक सड़क निर्माण की मांग किया ताकि आवागमन में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। बीडीओ ने कहा कि स्कूल भवन का मरम्मती का कार्य जल्द कराया जाएगा। इसके साथ ही सड़क बनाने का कार्य को लेकर जल्द पत्र विभाग को लिखा जाएगा। बीडीओ ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली। बीडीओ ने आदिम जनजाति परिवार के 40 लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया। मौके पर आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, पूर्व मुखिया राजीव उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जेसीबी से तोड़ा गया एनएच 23 में अधिग्रहित भूमि का घर

गुमला। पलमा से गुमला सड़क चौड़ीकरण में अधिग्रहित किये गये भूमि पर कुछ विवाद के कारण एक घर को नहीं तोड़ा गया था। घर भरनो ब्लॉक चौक के समीप नीलम देवी का है। घर को शुक्रवार को एनएचएआई ने तोड़ने का काम शुरू कर दिया। इससे पूर्व नीलम ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए बताया कि कैसे वो सरकारी अधिकारियों के यहां अपनी फरियाद लेकर पहुंची थी। पर किसी भी अधिकारी ने उनकी एक न सुनी। अंततः आज उनका घर टूट रहा है। वह अपने घर के पीछे का कुछ हिस्सा को लेकर अड़ी हुई थी और उसका भी मुआवजा की मांग कर रही थी। उनका मांग एनएचएआई द्वारा नहीं सुना गया और कई बार उनके घर को तोड़ने का प्रयास किया गया था पर वो अपना घर तोड़ने नहीं दी थी। शुक्रवार को उनका घर एनएचएआई ने जेसीबी मशीन से तोड़ दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, जयदीप गिरी, बिशुन साव, एनएचएआई के दिलीप कुमार, लोकेश पांडेय, अमोल झा व अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के घोड़ाटांगर गांव के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में आरंगीं निवासी युवक लव कुमार यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार लव कुमार अपने एक साथी के मोटरसाइकिल पर घाघरा से आरंगी की ओर जा रहा था। इसी क्रम में घोड़ाटांगर गांव स्थित सड़क किनारे लगे डिवाइडर से जा टकराया। जिससे लव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी को हल्की चोट लगी। पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर घाघरा लाया और घायल साथी का इलाज कराया। मृतक के परिजन घाघरा जग बगीचा में रहता था। वह रांची में रहकर पढ़ाई करता था। दो-तीन दिन पहले ही वह घाघरा आया था।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर संकट मोचन मंदिर के समीप अहले सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। शव खेत में पड़ा हुआ था। शव के शरीर पर किसी प्रकार का चोट का निशान नहीं देखा गया है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक शराब के नशे एवं ठंड के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### गुमला बस स्टैंड में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

गुमला। उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को स्वास्थ विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन गुमला बस स्टैंड में किया गया। 70 चालकों एवं कंडक्टर ने अपने आंख की जांच करवायी। जिन चालकों एवं कंडक्टर को आंखों में परेशानियां थी उनका निशुल्क आंख जांच किया गया ताकि वह स्पष्ट देख सके व सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन कर सके।

# लोहरदगा में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया

## मुख्यमंत्री आंदोलनकारियों के हित में गुरुजी शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू करें: राजू महतो

अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया नमन





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को युकेलिप्टस मैदान में जिलाध्यक्ष अश्विनी कुजूर की अध्यक्षता में जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान सहित सभी आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया। अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन की गई। मुख्य अतिथि राजू महतो ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा राष्ट्रीय स्तर के समाजिक परिवर्तन के बुनियाद रखने वाले व्यक्तित्व का नाम है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष और कुर्बानियों से बना है। लेकिन आज आंदोलनकारियों को अपनी पहचान और हक की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गर्व से कहते हैं कि मैं झारखंड आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पुत्र हूं। उन्हें आंदोलनकारियों के दर्द को समझते हुए आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू करे। उन्होंन कहा कि गुरुजी के मांग के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को 8000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे। प्रधान महासचिव कयूम खान ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म से लेकर झारखंड राज्य की नींव रखने तक की पूरी जीवन दर्शन रखते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर हैं। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। पलामू प्रमंडल के डीएन राम ने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य में हमारी पहचान है। इस पहचान को संघर्ष के बल पर सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए अपनों से ही लड़ाई लड़ रहे हैं, जो दुर्भाग्य की बात है। महिला संयोजिका विनिता खलखो ने कहा कि 24 वर्षों के पश्चात भी झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। संबोधित करने वालों जिला संयोजक प्रो विनोद भगत, कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो जिला सचिव विशेषण भगत, चैतू मुंडा, रूस्तम खान, इसरार अहमद, दिनेश साहू, सुरेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, सुखदेव उरांव, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, बलोमनी बाखला, सीता उरांव, कृष्णा कुमार ठाकुर, बिहारी भगत आदि शामिल थे। इस अवसर पर सूरज मोहन लकड़ा, जगदीश उरांव, सोमनाथ भगत, सुखदेव उरांव, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, गंगा उरांव, ललिता भगत, आनंद कुमार, लक्ष्मी भगत, उषा रानी लकड़ा, संगीता वर्मा, अजीत खाखा, सुखराम भगत, महबूब अंसारी, सुशीला लकड़ा, असगर खान, सबिता लकड़ा, आरीफ खान, अफरोज शाह, शनि भगत, शंकर उरांव आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे।

# लोहरदगा के लाल देवेंद्र एसएसबी श्रीनगर के कमांडेंट बने, जिले को किया गौरवान्वित

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** महावीर चौक निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक स्व निधान चन्द्र अग्रवाल व स्व प्रतिभा अग्रवाल के पुत्र देवेंद्र कुमार उर्फ रवि ने एसएसबी श्रीनगर में कमांडेंट बनकर जिले का मान बढ़ाया है। वो भारत सरकार, गृह मंत्रालय से सबंधित सशस्त्र सीमा बल में द्वितीय कमान अधिकारी एसपी के पद पर क्षेत्रक मुख्यालय, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में पदस्थापित थे। उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं अनुभवों के आधार पर विगत 1 जनवरी 2025 को इन्हें कमांडेंट एसएसपी के पद पर पदोन्नति किया गया है। वर्तमान में इनको 14वीं बटालियन श्रीनगर में पदस्थापित किया गया है। उन्हें एसएसबी डीआईजी आईपीएस अधिकारी इम्तियाज इस्माइल पारै ने कमांडेंट का रैंक लगाकर सुशोभित किया। इस मौके पर कमांडेंट बीसी जोशी, डिप्टी कमांडेंट अमित कुमार, उनकी पत्नी नेहाश्री व पुत्री प्रिशा बिंदल समेत अन्य मौजूद थे। गौरतलब है कि देवेंद्र कुमार उर्फ रवि के द्वारा पूर्व में देशहित व समाज हित में बहुत कार्य किये गए हैं। जिनमे उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में आई भीषण बाढ, 2016 के कानपुर रेल दुर्घटना तथा महाकुंभ में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इन्हें प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक हेतु नामित किया जा चुका है। वही एनडीआरएफ के महानिदेशक के पदक से सम्मानित किया गया है। इन्हें एसएसबी के कमांडेंट पद पर सुशोभित होने पर लोहरदगा जिले में खुशी की लहर है। उनके इस सफलता पर अग्रवाल समाज के साथ अन्य समाज के लोगो मे उत्साह है। समाज के लोगो ने कहा कि देवेंद्र की इस सफलता से जिले के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# लोगों में यातायात नियमों का पालन करने के लिये जागरूकता लाना है : डीसी गुमला

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को डीसी व डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खबर मंत्र संवाददाता



जागरूकता रथ को रवाना करते डीसी कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी व अन्य।

**गुमला।** 1 से 31 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह के तहत आमजनों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने हेतु उपायुक्त कार्यालय से शुक्रवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी दिलेश्वर महतो, पी डीआईटीडीए रीना हांसदा, एनडीसी ललन कुमार रजक, डीटीओ राकेश कुमार गोप, मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की, डीएसपी बीरेंद्र टोप्पो एवं सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा के संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर डीसी के कहा कि जागरूकता रथ का उद्देश्य लोगों में यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता लाना है। अभी सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों में जागरूकता लाने के लिए विविध कार्यक्रम होंगे। सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा अलग-अलग तरह के कार्यक्रम किया जा रहे हैं ताकि आमजन सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सड़क हादसे जैसी चीज ना हो। इस माह अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस आदि की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। जरूरत पड़ने पर सख्ती भी बरती जाएगी ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरतने वालों में समझ आ सके। जागरूकता रथ के द्वारा यातायात नियमों के उचित अनुपालन को लेकर सभी दिशा निर्देशों के बारे में आमजनों को प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। इस क्रम में गुमला जिले के अंतर्गत बस्ती में जागरूकता रथ के द्वारा ऑडियो क्लिप के माध्यम से गुमला-सिसई रोड, गुमला-पालकोट रोड एवं गुमला-सिसई रोड में प्रचार-प्रसार किया गया। लोगों को ट्रैफिक के नियमों का अनुपालन करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। हेलमेट पहनने के फायदे से अवगत कराते हुए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के प्रति सजग किया गया।

# सांसद सुखदेव भगत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नववर्ष की दी बधाई



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत रांची पहुंचकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई दिए और राज्य के विकास के संबंध में विचार विमर्श किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी सांसद सुखदेव भगत को नववर्ष की बधाई दी। दोनों ने राज्य के विकास को गति देने को लेकर चर्चा की।

# चेंबर ने दो सौ गरीबों के बीच बांटा कंबल

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा ठंड के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए पटेल चौक स्थित पुराना नगरपालिका के पास स्टॉल लगाकर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में महली टोली सोसो, करौंदी, सिलम, तर्री, ठुठा टोली, बड़ाईक मुहल्ला, कोराम्बी एवं डिशनरी मुहल्ला के गरीबों एवं असहाय लोगों को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर दामोदर कसेरा ने कहा कि गरीबी और लाचारी के कारण ठंढ के वजह से कोई व्यक्ति अपना जीवन न खो दे। इसको देखते हुए चेंबर के द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीत लहरी और कनकनी से लोग अपने को बचाकर रखें। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा की गुमला चेंबर पूर्व की भांति अभी भी व्यापारी हित के साथ-साथ मानव सेवा एवं जनहित के कार्य करती आई है और आगे भी करती रहेगी। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, विनोद कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सतनारायण पटेल, राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलु वर्मा, दिलीप गुप्ता, अजय सिंह राणा, आदित्य गुप्ता, रितेश कुमार, प्रणय कुमार, संजीव मलानी, ज्योति कुमारी, प्रतीक अग्रवाल, श्याम गुप्ता, द्वारिका मिश्र, शैल मिश्रा, खेदुनायक, सोनमणि उरांव, चंपा देवी, ललिता देवी एवं असहाय महिलाएं मौजूद थे।

### लोहरदगा : स्व हरिनारायण प्रसाद साहू का द्वितीय पुण्यतिथि आज मनाया जायेगा

लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह मजदूर नेता, जन समस्याओं का निदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्व हरिनारायण प्रसाद साहू का द्वितीय पुण्यतिथि आज गौतम नर्सिंग होम कोर्ट रोड लोहरदगा में मनाया जाएगा। सबसे पहले परिजनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत 1:00 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। उनके पुत्र पवन गौतम ने ये जानकारी देते हुए सभी लोगों से श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है।

### मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



भंडरा। प्रखंड के उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो गांव में शुक्रवार को पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली व वार्ड सदस्य कांति देवी के द्वारा 40 गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस संबंध में मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सरकार द्वारा असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता है जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। मुखिया ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है। इस अवसर पर पंचायत सचिव आलोक लकड़ा, वार्ड सदस्य इंद्रजीत उराव एवं वार्ड सदस्य कांति देवी समाजसेवी बाल कृष्णा सिंह, दुर्गा महली, वासुदेव उरांव आदि लोग मौजूद थे।

### झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक 5 को गुमला में

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के प्रमुख नेताओं की बैठक 5 जनवरी को जिला मुख्यालय गुमला में होगी। बैठक में सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, इत्यादि विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले 4 मार्च को रांची में होनेवाली कार्यक्रम तथा महिला दिवस 8 मार्च को महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ तथा महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफी, रोजगार, व्यवसाय के लिए अनुदान जैसे मांगों को लेकर होनेवाली रांची में अधिकार रैली, 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों का राज्यव्यापी विशाल मजदूर पंचायत कार्यक्रम की तैयारी जैसे कई केंद्रीय स्तर का कार्यक्रमों की तैयारी पर विचार विमर्श की जाएगी। बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

### कंबलों का वितरण यथाशीघ्र हो : रमेश

गुमला। चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त से जल्द से जल्द कंबलों का वितरण आरंभ कराने की मांग की है। कहा है कि आपूर्तिकर्ता द्वारा कंबलों की पहली खेप नगर परिषद और प्रखंडों में पहुंचा दी गई है। बावजूद इसका वितरण जरूरतमंदों के बीच शुरू नहीं कराया गया है। जबकि हर बार नवंबर में कंबल वितरण पूर्ण हो जाता था। इस बार जनवरी प्रारंभ होने के साथ ही आधा ठंडा बीत चुका है। उसके अलावे न्यूनतम पारा 7 डिग्री पर पहुंच चुका है। यदि अब भी कंबल वितरण यथाशीघ्र सुनिश्चित नहीं कराया गया, तो निश्चित गरीबों को काफी परेशानी होगी। ठंड के कारण और कंबल के अभाव में जान माल के नुकसान की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ, तो इसके लिए जिला प्रशासन दोषीवार होगा। उन्होंने डीसी से अनुरोध किया है कि जनहित के जरूरत को समझते हुए कंबलों का वितरण करवाएं।

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की प्रबंधकीय समिति की बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधकीय समिति की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में बिशुनपुर के अंचल अधिकारी को जीएम लैंड से संबंधित प्रस्ताव और उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने पूर्ण की गई योजनाओं की जानकारी साझा करने के निर्देश देते हुए, ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों की सर्वसम्मति से लिखित प्रस्ताव प्राप्त करने का आदेश दिया। विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण के अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिन पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। चिरोडीह, सेरका, गुरदरी जैसे क्षेत्रों में अधिक योजनाएं स्वीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। टाना भगत स्कूल में शौचालय निर्माण, चारदीवारी निर्माण और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिले के विभिन्न खनन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा की स्थापना के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना था। जिससे जिले के विकास को गति दी जा सके। बैठक में डीडीसी दिलेश्वर महतो, खनन पदाधिकारी, डीएसपी गुमला व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### विषाक्त भोजन के सेवन से एक ही परिवार के सात लोग हुए बीमार

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाटा पोल गांव में एक ही परिवार के सात लोग विषाक्त भोजन खा बीमार पड़ गये। विषाक्त भोजन के सेवन के बाद सभी को उल्टी आने लगी और बच्चे बेहोश हो गए। सभी को सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। बीमार लोगों में दो महिलाएं और पांच बच्चे शामिल है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह 9 बजे शांता खलखो रोटी बनाने के लिए आटा निकाल रही थी। तभी किचन के रैक में उसे मकई में लगे किट को मारने वाला कीटनाशक का बड़ा पैकेट दिखा। जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में मकई लिखा हुआ था और मकई का चित्र भी बना हुआ था। महिला ने सोचा कि यह मकई का आटा है। यह सोचकर उसने उसको गेहूं के आटे के साथ मिला लिया और रोटी बना ली। इसके बाद घर में सभी को रोटी भी खिला दी। जहरीला रोटी खाने से 28 वर्षीय नीलिमा खलखो,16 वर्षीय अर्पण टोप्पो, 48 वर्षीय कांता टोप्पो, 7 वर्षीय एंथोनी खलखो, 8 वर्षीय एंजेल टोप्पो, 11 वर्षीय अंकित खलखो और 8 वर्षीय एलिना खलखो की स्थिति खराब होने लगी। इस संबंध में शांता खलखो ने बताया मैं दार्जिलिंग में एक मिशनरी संस्था में सिस्टर हूं। क्रिसमस की छुट्टी पर नाटा पोल आई हूं। यहां मेरा परिवार रहता है। खाना बनाने के क्रम में गलती से आटा में कीटनाशक मिला दी। सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# लोहरदगा पुलिस के लिए उपलब्धियों का वर्ष रहा 2024

## 2025 में जिले को अपराध मुक्त बनाने के लक्ष्य से कार्य करेंगे: हारिस बिन जमां

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला पुलिस के लिए वर्ष 2024 शानदार उपलब्धियों भरा वर्ष रहा है। खासकर नक्सल उन्मूलन, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम, हत्याकांड उद्भेदन, डकैती कांड उद्भेदन, लूट कांड उद्भेदन, उत्पाद अधिनियम आदि में बड़ी कामयाबी हासिल की है। लोहरदगा पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां ने बताया कि 01 जनवरी 2024 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक लोहरदगा जिले में प्रतिवेदित कांडों की संख्या 730 रही, जिनमें 722 कांडों को निष्पादित किया गया है। एसपी बताया कि कुल प्राप्त वारंट 1353 में से 1330 निष्पादित किए गए। कुर्की 47 में से 41 निष्पादित हुए, जबकि 08 स्थायी वारंट में से 04 निष्पादित किए गए। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि लोहरदगा न्यायालय से दोषी करार अभियुक्तों में हत्या मामले में 13 अपराधकर्मी, पोक्सो व बलात्कार मामले में 29, जुआ 43, गृहभेदन, 01, साइबर असाच मामले में 01, अम्मा एक्ट 1, एससी-एसटी मामले में 4, जबकि विविध मामलों में 84 अपराधकर्मियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई। डीएसपी शाखा से प्राप्त उपलब्धियों में सीसीए की धारा के तहत 12, मुंडा एक्ट 56 तथा 03 डोसीयर खोले गए हैं। जिले में वर्ष 2014 में 13 दो पहिया वाहनों की बरामदगी की गयी। वहीं चार तीन पहिया वाहन जो चोरी गये। थे, उन्हें पुलिस ने बरामद किया। वर्ष 2024 में लोहरदगा जिला पुलिस ने 248 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया, 16 देसी हथियार बरामद किये गये। 93 जिंदा गोली बरामद किये, जबकि गांजा 190 किलो जब्त किया गया। अफीम साढ़े पांच किलो बरामद किये गये। डोडा 1491 किलो बरामद किये गये। 10802 लीटर अवैध शराब बरामद किये गये। वहीं पुलिस ने नकद राशि 9 लाख 13 हजार 330 रुपये बरामद किये। 40 ट्रैक्टर बालू जो अवैध रूप से परिवहन किया जा रहे थे, उसे पुलिस ने पकड़ा और 40 ट्रैक्टर जब्त करते हुए 6983 सीएफटी बालू भी जब्त किया। एसपी हारीश बिन जमा ने बताया कि लोहरदगा पुलिस को 1353 वारंट प्राप्त हुए थे, जिनमें 1330 वारंट निष्पादित कर दिये गये। कुर्की जब्ती के 47 मामले थे, जिनमें 41 का निष्पादन किया गया, लोकसभा चुनाव के दौरान भी पुलिस को खासी उपलब्धि हासिल हुई। लोकसभा चुनाव के दौरान 1396 लीटर शराब बरामद की गयी। 10 किलो ड्रग्स बरामद किये गये। विधानसभा चुनाव के दौरान नकद राशि 4 लाख 69 हजार 280 रुपए बरामद किये गये। एसपी ने बताया कि वर्ष 2025 भी उग्रवाद एवं अपराध मुक्त होगा। इसे लेकर उन्होंने वर्ष की शुरूआत में ही कई थानों के प्रभारियों को बदला गया है। उन्होंने लोगों से भी अपराध में नियंत्रण के लिए पुलिस से किसी भी संदिग्ध कार्यों की जानकारी शेयर करने की अपील की है।

# जारी प्रखंड में फल फूल रहा है अवैध बंगला भट्ठा का कारोबार, प्रशासन है मौन

## किसी संचालक के पास नहीं है एनओसी



बांग्ला ईंट भट्ठा लगाने का प्रावधान केवल घरेलू उपयोग के लिए ही होता है। व्यवसाय के लिए नहीं। इसके लिए जिला खनन विभाग से आदेश लेना पड़ता है। लेकिन जारी प्रखंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में ईंट भट्ठा व्यावसायिक उपयोग के लिए लगाए जा रहे हैं। इसमें अहम बात यह है कि किसी भी सरकारी भवन निर्माण के इस्टीमेट में चिमनी भट्ठा का ईंट लगाने का प्रावधान रहता है। लेकिन ठेकेदार अधिक लाभ कमाने के चक्कर में चिमनी भट्ठा की जगह बांग्ला भट्ठा के ईंट का उपयोग करते हैं। इससे सरकार के राजस्व की चोरी होती है।

खबर मंत्र संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों में बंग्ला ईंट भट्ठा का कारोबार तेजी सै फल फुल रहा है। प्रखंड के बरवाडीह, कटिम्बा, पुलुंग, जरदा, भिखमपुर बंडोटोली सहित विभिन्न गांवों में अवैध उत्खनन कर बांग्ला ईंट भट्ठा लगाया जा रहा है। बांग्ला ईंट भट्ठा के नाम पर सरकार को राजस्व का चुना लगाया जा रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत से विभिन्न जगहों पर अवैध रूप से बांग्ला ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। बिना किसी रोक टोक के धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। जानकार बताते हैं कि बांग्ला ईंट भट्ठा लगाने की अनुमति निजी काम की शर्त पर दिया जाता है। लेकिन इसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व की हानि के साथ साथ इसे पकाने के दौरान निकल रहे धुआं से प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वहीं नदियों का दोहन भी हो रहा है। अवैध बंग्ला भट्ठा लगाने के लिए आसपास की नदियों से बालू का अवैध उठाव भी हो रहा है। वहीं ईंट पकाने के लिए जंगलों से पेड़ो की भी अवैध कटाई हो रही है। लेकिन इसे रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। भट्ठे वाले पर्यावरण एवं श्रम कानून को भी धत्ता बता रहे हैं। इन बांग्ला ईंट भट्ठा संचालकों के पास न तो पर्यावरण विभाग की एनओसी है और ना ही ईंट भट्ठा का लाइसेंस। ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहे हैं।

# डीवीसी ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

## शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेल, स्वरोजगार, कृषि आदि के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है डीवीसीः दीपक कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम के द्वारा शुक्रवार को तुबेद कोयला खान के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत धोबियाझारण गांव के जेरजेर टोला समेत कई गांव में लगभग 100 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार ने कहा कि कुछ दिनों से क्षेत्र में भीषण ठंड पड़ रही है। तापमान का पारा काफी नीचे आ गया है। जिसे देखते हुए डीवीसी ने (सीएसआर) के माध्यम से कंबल का वितरण किया है। बढ़ते ठंढ में यह कम्बल जरुरतमंद ग्रामीणों को ठंढ से राहत प्रदान करेगा। वहीं ग्रामीण रामधनी भगत, रामेश्वर भगत, जुगेश्वर भगत, किशुन भगत, धर्मदेव भगत, जगत भगत, कंचन टाना भगत, सुगमणी टाना भगत, सुमित्रा टाना भगत ने कहा कि कंबल मिलने से हमें ठंड से राहत मिलेगी। इन दिनों काफी ठंड बढ़ गई है। बिल्कुल सही समय पर कंपनी द्वारा कम्बल का वितरण किया गया है। कंबल मिलने से ग्रामीणो के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

### तुबेद, नेवाड़ी, डीही और मंगरा आदि गांवों में भी किया जाएगा कंबल का वितरण



कंबल वितरण के दौरान मौजूद पदाधिकारी व ग्रामीण।

वहीं श्री कुमार ने आगे बताया कि दामोदर घाटी निगम सीएसआर योजना के तहत नेवाड़ी और डीही पंचायत के जरूरतमंद गरीब व वृद्ध ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, किसानों एवं समस्त ग्रामीणों के सवार्गीण विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेल, स्वरोजगार, कृषि आदि के विकास हेतु निरंतर बेहतर कार्य कर रही है। आगे इसमें और तेजी लायेगी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कंबल वितरण का शुभारम्भ हुआ है और आगे तुबेद, नेवाड़ी, डीही और मंगरा आदि गांवों में भी कम्बल का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर प्रबंधक बिरेन्द्र कुमार, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार, सहायक प्रबंधक तकनीकी फैसल नवाज, एमडीओ रंजन कुमार सिंह, नेवाड़ी मुखिया अमरेश उरांव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक, 69 अभ्यावेदनों की हुई समीक्षा



समीक्षा करते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 69 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 69 में से 61 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जाँच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज, अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्राथमिक, मध्य एवं उच्च (वर्ग 1 से 10) के कुल 16783 छात्र-छात्राओं का सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला के सभी सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ मासियातु मुख्य पथ पर गुरुवार देर रात मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटू गंझु 25 वर्ष पिता गुडन गंझु ग्राम घुटाम थाना हेरहंज निवासी होलंग ग्राम से मेला देखकर वापस अपने घर जा रहा था। इसी दौरान मासियातू जंगल के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर टू डोर सर्वे कार्य की समीक्षा की गई



समीक्षा करते अधिकारी।

**लातेहार।** रामा रविदास (ट्रिपल टेस्ट कोषांग) सह अपर समाहर्ता लातेहार के अध्यक्षता में लातेहार जिला अंतर्गत नगर पंचायत में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर टू डोर सर्वे कार्य की समीक्षा की गई। जिसमें लातेहार नगर पंचायत के वार्ड संख्या 2,5,8,9,10,11 एवं 13 में सर्वेक्षण का कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। जिसकी आलोक में संबंधित पदाधिकारी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही डाटा ऐंट्री को बढ़ाने हेतु नगर प्रशासक नगर पंचायत लातेहार को निर्देशित किया गया। इस बैठक में प्रिंस कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार, राजीव रंजन प्रशासक नगर पंचायत लातेहार, विवेक मिश्रा भूमि संरक्षण पदाधिकारी लातेहार, अमृतेश कुमार सिंह जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार, गौतम कुमार साहू जिला शिक्षा अधीक्षक लातेहार देवनाथ चौरसिया जिला पशुपालन पदाधिकारी लातेहार मोजूद थे।

### चंदवा में पुलिस व वन विभाग की टीम ने 12 एकड़ में अवैध पोस्ता की खेती को किया नष्ट

# प्रशासन की सख्त चेतावनी, कहा समाज को अंदर से खोखला करने वाले किसी भी कीमत पर बक्से नही जायेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** डीएफओ को मिली गुप्त सूचना पर वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता व चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में संयुक्त टीम के द्वारा शुक्रवार को अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत तोरार ग्राम के डेम से सटे वन भूमि और कुछ रैयती भूमि लगभग 12 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। टीम के द्वारा तीन ट्रैक्टर व कर्मियों व जवानों की मदद से पोस्ता की फसल को रौंद कर नष्ट किया गया। गौर तलब हो कि इसी पोस्ता से अफीम, चरस व ब्राउनसुगर जैसे मादक पदार्थ तैयार किए जाते हैं, जिसकी कीमत लाखों में होती है। राज्य में इसकी खेती प्रतिबंधित है बावजूद बड़े पैमाने पर इसकी खेती लगातार हो रही है, इसे नष्ट करने के लिए प्रशासन द्वारा हर साल इसी प्रकार की कारवाई होती है, बावजूद इसके अभी तक पर रोकने में पूर्णतः सफलता नहीं मिली है। सूत्रों की माने तो इस खेती में उग्रवादियों का संरक्षण प्राप्त होता है, प्रशासन भी चाहें जिस कारण से हो खेती कराने वाले लोगों को अप्रत्यक्ष संरक्षण देने से गुरेज नहीं करती हैं। झारखंड के सभी जंगली इलाकों में पोस्ता(अफीम) की खेती हो रही है। सभी क्षेत्रों में खेती को नष्ट करने की प्रकिया सालों से जारी है, बावजद यह धंधा वर्षों से फलफूल रहा है। वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता व थान प्रभारी रणधीर कुमार ने पोस्ता की खेती करने वालों की कड़ी चेतावनी दी है कहा है कि समाज को अंदर से खोखला करने वाली पोस्ता रूपी जहर की खेती करने वालों के साथ सख्ती से निपटेगी।



पोस्ता की खेती को नष्ट करती पुलिस।

## एक नजर में

### मृतकों के परिजनों से स्थानीय सांसद के निर्देश पर भाजपाइयों ने किया मुलाकात, दी संतावना



मुलाकात करते भाजपाई।

मनिका। मनिका चतरा सांसद कालीचरण सिंह के निर्देश पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह एवं भाजपा युवा जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने सड़क दुर्घटना में मृत डोंकी गांव के अरविंद उरांव,बालवीर उरांव एवं प्रेम उरांव के परिवार से मिलकर शोक प्रकट करते हुए सांतवना दी। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया एवं तत्काल भाजपाइयों के द्वारा आर्थिक मदद भी की गई। बता दें कि एक जनवरी दिन मंगलवार की शाम मनिका डिग्री कॉलेज के पास विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो के चपेट में आ जाने से मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवकों की मौत हो गई थी। वहीं पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति हमलोगो के परिवार के सम्मान है उनके दुख में शामिल होना हमलोगों का कर्तव्य है। मौके पर भाजपा नेता संदीप उरांव, श्रवण यादव, कृष्ण कुमार, अजीत कुमार, अवधेश यादव, वीरेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### डीटीओ के निर्देश पर चला जागरूकता अभियान



माला पहनाते डीटीओ।

**लातेहार।** परिवहन विभाग द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय गेट के समीप डीटीओ सुरेंद्र कुमार व डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यातायात नियमों का पालन करने हेतू जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। इस अभियान के तहत विभाग के द्वारा विभिन्न प्रकार से लोगों को बताया गया। जिनमें सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है और लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में बताया गया। परिवहन विभाग के द्वारा चलाया गया अभियान में हेलमेट लगाकर चलने वाले लोगों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। वही हेलमेट नहीं पहन कर चलने वाले लोगों को फूल माला पहनकर बेइज्जत किया गया। साथ ही हेलमेट पहनकर चलने का हिदायत दिया। मौके पर जिला परिवहन विभाग के कर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस मौजूद थे।

### लंबित आवास योजना को लेकर स्वयं सेवक व पंचायत सचिव के साथ बीडीओ ने किया बैठक



बैठक करते बीडीओ व अन्य।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में लंबित पीएम आवास व अबुआ आवास को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने स्वयंसेवक व पंचायत सचिव के साथ बैठक की। इस बैठक मे लंबित आवास योजना के संबंध में पुर्व के बैठको मे दिए गये निर्देशो के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस दौरान समीक्षा रिपोर्ट के धीमी गति पर बीडीओ अमित कुमार पासवान ने नराजगी जताई। उन्होंने सभी पंचायत के स्वयं सेवको को लंबित पीएम आवास के लाभुकों के साथ समन्वय बनाकर पुरा कराने का निर्देश दिया। सभी पंचायत सचिव को अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने व अबुआ आवास के लंबित कार्यों को निर्गत किस्त के अनुसार कराने का निर्देश दिया। साथ ही नये अबुआ आवास को एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत करने की बात कही। वित्तिय वर्ष 2016 -17 से 2023-24_25 तक के लंबित आवास को जल्द पूर्ण करने हेतु लाभुकों को निर्देश दिया गया।। मौके पर सभी पंचायत सचिव ओर स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### दो वाहन की भिड़ंत में चार घायल



दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर।

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अक्सी पुल के पास देर शाम को सुग्गा बांध की ओर से आ रहे स्कॉर्पियो और महुआडांड़ के तरफ से जा रहे ट्रैक्टर मे जोरदार भिड़ंत हुई। दोनों वाहन आपस मे टकराने के बाद ट्रेक्टर पुल के नीचे गिर गया। चार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के द्वार तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया गया, चारों घायल युवक को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्रभारी डॉ अमित खलको के द्वारा तुरंत प्राथमिक इलाज किया गया। बता दे कि सुरेश्वर लोहरा ट्रैक्टर चालक सरनाडीह तम्बोली जिसे इलाज के बाद परिजनों के द्वारा घर लाया गया। वही घायल सचिन मुण्डा पिता रंजीत मुण्डा ग्राम बरकड्डा डुमरी गुमला, शंकर गोप नेतरहाट, दीपक मिंज नेतरहाट,को डॉ के द्वार बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

### नशा खुरानी गिरोह 8000 रू व बैग लेकर हुआ फरार



ईलाजरत युवक।

**बालूमाथ।** चतरा जिला के एक युवक विकास कुमार यादव 20 वर्ष पिता फुलदेव यादव ग्राम जोगीडीह थाना प्रतापपुर जिला चतरा चार माह पूर्व काम की तलाश में चेन्नई गया हुआ था। जहां चार महीना काम करने के बाद वह ट्रेन से रांची पहुंचा। रांची से एक बस में सवार होकर प्रतापपुर के लिए चला। इसी बीच नशा खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उससे दोस्ती की और कहा कि आपको कहां जाना है जब युवक द्वारा प्रतापपुर कहा तो उनलोगों ने युवक को बताया कि मेरा घर भी प्रतापपुर है और युवक से दोस्ती कर लिया। बस में कुछ दूरी चलने के बाद नशा खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे पेड़ा खाने के लिए दिया। उसके बाद युवक बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में बस के कंडक्टर बालूमाथ सड़क के किनारे उतार कर चलते बना। इसी बीच बेहोशी की हालत में देखकर एक टेंपो चालक ने उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार एवं ओटी असिस्टेंट मो. मजहर के प्रयास से उसका ईलाज किया गया एवं लगातार सात घंटे तक इन दोनों के मेहनत से किये गए ईलाज के बाद युवक होश में आया। होश में आने के बाद युवक ने आपबीती बताई। कहा की मेरा बैग में 8000 रूपया, कपड़ा, मोबाईल था। वह सब गायब है। विकास कुमार यादव को अपने घर का मोबाइल नंबर बताया। तब उससे संपर्क करने के बाद उसके घर वाले देर रात्रि 9:00 बजे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे व युवक को अपने घर ले गया।

## पशुपालन विभाग द्वारा लगाया गया विशेष पशु चिकित्सा शिविर, किया गया दवा का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर में उपस्थित लोग।

**गारु।** प्रखंड अंतर्गत कोटाम पंचायत में शुक्रवार को पशुपालन विभाग की ओर से विशेष पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों के बीच पशु संबंधित बीमारियों की दवा का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाएं के बारे में भी बताया गया और जागरूक किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अश्विनी यादव ने ग्रामीणों को पशु एवं पक्षियों के प्रमुख जानलेवा बीमारियां जैसे लम्पी स्किन डिजीज, खुर्हा - मुंहपका, रेबीज, पीपीआर रोग समेत कई जानलेवा बीमारियां के बारे में एवं लक्षण और बचाओ के बारे में जानकारी दिए। साथ ही कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरा विकास योजना, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना सुकर, बत्तख चुजा वितरण योजना आदि के संबंधित लोगों को जानकारी दिए और योजना से जुड़ने के लिए अपील किए। वहीं उन्होंने और कहा कि इस तरह की पशुपालन योजना के तरफ से विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन लगातार किया जाएगा ताकि पशुपालकों के बीच जागरूकता बढ़े। मौके पर पशुधन सहायक शिवनंदन सिंह, प्रवेदिक सहायक अजय कुमार, कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन सूर्यदेव सिंह, कोटाम पंचायत के पूर्व मुखिया सुधराम उरांव समेत कई लोग शामिल थे।

## युवाओं ने हाई स्कूल खेल स्टेडियम में की साफ-सफाई

**▸▸लोगों से की अपील, प्लीज खेल स्टेडियम को गंदा ना करें**



सफाई करते युवा।

**चंदवा।** प्रशासनिक उदासीनता व लोगों की जागरूकता के कमी के कारण चंदवा का एकमात्र खेल स्टेडियम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। एकमात्र खेल स्टेडियम होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में आमजन, युवा व बच्चे खेल कूद, प्रतियोगिता प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी करने, योगा और मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं। जिन्हें शराबियों एवं मनचलों के करतूतो के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आए दिन खेल स्टेडियम के रनिंग ट्रैक व स्टेडियम की गैलरी में शराबी शराब पीकर बोतलों को फोड़कर फेंक देते हैं, साथ हीं स्टेडियम की गैलरी में बैठने वाले लोग भी खाने पीने की वस्तु खाने के बाद प्लास्टिक के रैपर को स्टेडियम के गैलरी में ही फेंक देते हैं। जिस कारण लोगो को काफी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह व्यायाम व मॉर्निंग वॉक करने पहुंचे युवाओं की टोली ने जयेश वरु की अगुवाई में अभियान चलाकर स्टेडियम में फैली गंदगी, शराब की बोतलों एवं बिखरे कांच को साफ किया। स्टेडियम पहुंचने वाले लोगों से स्टेडियम में गंदगी न फैलने की अपील की साथ ही स्टेडियम में बैठकर शराब पीने वाले मनचले युवकों के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की भी गुहार लगाई है। सफाई अभियान में हिस्सा लेने वालों में जयेश कुमार वरु, राकेश सिंह, रवि अग्रवाल, मो. वसीम भोला, नमन कुमार समेत कई अन्य शामिल थे।

## आंगनबाड़ी सेविका और माता समिति के सदस्यों को दी गई मिशन वात्सल्य और आंगनबाड़ी से मिलने वाली सेवाओं की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड कार्यालय सभागार में लीड्स संस्था द्वारा आंगनबाड़ी माता समिति सदस्य और सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक राजेंद्र उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए जो हितकारी योजनाएं है उसे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो ऐसे कार्य योजना के साथ मिलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। आंगनबाड़ी से मिलने वाली सेवाओं बच्चों एवं गर्भवती धात्री माता उपलब्ध हो। लीड्स संस्था रांची से आये, मनीष कुमार ने बताया कि आईसीडीएस कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1975 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 106वीं जयंती पर शुरू किया गया था। इसके अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास के लिए बहुत पिछड़े ग्रामीण जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के विकास के लिए और गर्भवती, दूध पिलाने वाली माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के लिए समेकित सेवाएं दी जाती हैं। यह एक समुदाय आधारित कार्यक्रम है इसके सफल क्रियान्वयन के लिए लीड्स संस्था नियमित आनंदपुर के आंगनबाड़ी को तकनीकी सहयोग कर रही है। परियोजना समन्वयक ने बताया कि आंगनबाड़ी में मुख्य रूप से छः सेवाएं स्कूल पूर्व शिक्षा, पूरक पोषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, रेफरल सेवाएं और स्वास्थ्य जांच दी जाती है।

### मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित कराना है

वहीं उन्होंने मिशन वात्सल्य से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि मिशन वात्सल्य यानी बाल संरक्षण सेवा योजना शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। प्रखंड के महिला सुपरवाइजर प्रेमती कुमारी जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर लीड्स संस्था के कार्यकर्ता संध्या कुजूर, बिक्की कुमार, नीतीश कुमार मिंज सहित महुआडांड़ कीआंगनबाड़ी सेविका कमला देवी, निशि रानी, मनोरमा, अनुप्रिया, आदि और माता समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### जंगली भेड़िया के काटने से वृद्ध घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चेताग पंचायत स्थित पकरी ग्राम में शुक्रवार को जंगली भेड़िए के काटने से एक 70 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र परहिया 70 वर्ष पिता कैला परहिया ग्राम पकरी थाना बालूमाथ निवासी जंगल में मवेशियों के लिए पत्ता लाने गया हुआ था। जहां एक जंगली भेड़िए ने उसे पर हमला बोल दिया। जिससे रामचंद्र परहिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे ईलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा रामचंद्र परहिया का प्राथमिक ईलाज किया गया।

# आंदोलनकारियों ने मनायी जयपाल सिंह मुंडा और सावित्री बाई फुले की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जयंती मनाते आंदोलनकारी।

**बरवाडीह।** शुक्रवार को बरवाडीह प्रखण्ड के झारखंड आंदोलनकारियों द्वारा सावित्रीबाई फुले एवं झारखंड आंदोलन के महानायक स्व. जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस बैठक की अध्यक्षता चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी बिरेंद्र ठाकुर ने की। जहां वक्ताओं द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व आंदोलनकारियों द्वारा झारखंड आंदोलन के महानायक स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा एवं माता सावित्रीबाई फुले की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बिरेंद्र ठाकुर ने बताया कि जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 3 जनवरी 1903 को हुआ था। 1937 के दशक में वे भारतीय आदिवासियों और झारखंड आदोलन के एक सर्वोच्च नेता थे एवं 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले हॉकी के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी थे, इसके बाद वे 1946 में बिहार प्रांत से संविधान सभा के लिए चुने गए थे। वहीं आंदोलनकारियों ने कहा कि झारखंड अलग राज्य हुए 24 वर्ष हो गए लेकिन आज तक जितनी भी सरकारी आई उन्होंने हम आंदोलनकारियों के साथ न्याय नहीं किया। वहीं जिस उद्देश्य से राज्य को अलग कराया गया था उसपर भी कोई काम नहीं हुआ। कार्यक्रम के उपरांत आंदोलनकारियों ने संकल्प रैली निकाली जो बाजार बस स्टेंड होते हुए प्रखंड कार्यालय में जाकर सभा में तब्दील हो गई। जहां आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम दस सूत्री मांगपत्र सौंपा। मौके पर अली हसन अंसारी, विनय चंदेल, नागेंद्र प्रसाद, ललन तुरी, मुटकुन राम, सुदामा प्रसाद, संतोष कुमार, फूला कुंवर, सुग्रीव राम, कृष्णा साव और दशरथ सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे।

### बीज वितरण में हेरफेर किए जाने का आया मामला सामने

**बालूमाथ।** बालूमाथ में कृषि विभाग के एटीएम मो.शमीम अंसारी द्वारा किसानों के बीच वितरण किए जाने वाले मसूर एवं सरसों के बीज को फर्जी किसान बनाकर हेरफेर कर दिए जाने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एटीएम शमीम अंसारी को स्पष्टीकरण से मांगा है जिसमें उन्होंने कहा है कि बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी के द्वारा बालूमाथ प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के क्रम में कृषि हेतु उपयोग में लाये जाने वाले बीज वितरण में काफी अनियमित पाई गई थी। जिसमें एटीएम द्वारा दिए गए सूची के अनुसार 8 किलो मसुर के बीज की जगह 3 किलो मसूर एवं सरसों चार किलो की बीज की जगह पर कम बीज लाभुकों को दिया गया है। बता दे की लगभग 68 किसानों के बीच यह बीज का वितरण होना था। लेकिन उसमें से आधे से अधिक किसानों का फर्जी हस्ताक्षर है। एवं जिन किसानों को बीज उपलब्ध हुआ है उन्हें कम बीज दिया गया है।

# एनसीक्यूसी 2024 में बोकारो स्टील प्लांट की शानदार सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ग्वालियर में आयोजित 38वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश भर के विभिन्न उद्योगों की टीमों ने भाग लिया जिसमें बीएसएल ने अपनी गुणवत्ता और उत्कृष्टता का परचम लहराया। इस स्पर्धा में बीएसएल की 11 टीमों ने सर्वोच्च सम्मान पार एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया जबकि 7 टीमों को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा तीन टीमों को सर्वश्रेष्ठ मॉडल पुरस्कार से भी नवाजा गया जो उनकी रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल का प्रमाण है। इस बार बीएसएल की दो लीन सेफ्टी सर्कल टीमों ने भी पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया और अपने प्रदर्शन से न केवल कंपनी की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया बल्कि गुणवत्ता सुधार की दिशा में बीएसएल के सतत प्रयासों को भी उजागर किया। नेशनल कन्वेंशन-2024 में शामिल सभी टीमों का चयन एक कठिन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया जिसमें डायरेक्टर-इन-चार्ज क्यूसी ट्रॉफी क्यूसीएफआई चैप्टर सम्मेलन के अंतर्गत केस स्टडी प्रस्तुतियां व गुणवत्ता सर्कल उपकरणों व तकनीकों पर आधारित ज्ञान परीक्षण शामिल थे। बीएसएल प्रबंधन ने सभी टीमों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और नवाचार के साथ लागत-प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में बीएसएल की टीमों की भागीदारी सुनिश्चित करने में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग का सराहनीय योगदान रहा।

# बोकारो एसपी ने तेनुघाट में पुलिस और संवेदकों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज स्वगीर्यारी ने शुक्रवार को तेनुघाट में एक अहम बैठक की। बैठक में अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी और संवेदकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना और संवेदकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

एसपी ने संवेदकों से जानकारी ली कि विकास कार्यों के दौरान उन्हें किसी प्रकार की धमकी या लेवी की मांग का सामना करना पड़ रहा है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसी कोई भी घटना या शिकायत होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। संवेदकों ने बैठक के दौरान अपने अनुभव और समस्याएं साझा कीं। एसपी ने विकास कार्यों को बिना रुकावट के पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभागों को पुलिस का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बैठक क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को गति देने और संवेदकों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में अनुमंडल के एसडीपीओ बशिष्ठ नारायण सिंह, गोमिया सर्किल के इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोगता, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल पटेल, चतरोचट्टी प्रभारी दीपक कुमार राणा, ललपनिया प्रभारी शशि कुमार और महुआटांड़ प्रभारी रंजीत कुमार मौजूद थे।

## एक नजर में

### बोकारो खनन विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान



बेरमो। उपायुक्त बोकारो के निर्देशानुसार बेरमो थानांतर्गत बेरमो-अंगवाली दामोदर नदी घाट क्षेत्र पर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे अवैध रूप से बालू खनिज उत्खनन कर लोड करते हुए 3 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया, जिसे जब्त कर थाना लाने के क्रम मे कदमाडीह ग्राम के समीप ग्रामीण महिलाओं द्वारा रोका गया एवं अपराधिक षडयंत्र रचकर उक्त ट्रैक्टरों को जबरन छुड़ा लिया गया एवम सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई, जिसके आलोक में ट्रैक्टर, ट्रैक्टर के मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध बेरमो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### बेरमो : श्री शिव स्वास्थ्य शिक्षा ट्रस्ट द्वारा छोटकी कुड़ी मे वनभोज का आयोजन



बेरमो। श्री शिव स्वस्थ शिक्षा ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को वन भोज का आयोजन ग्राम पंचायत पलामू टोला छोटकी कुड़ी स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय मे आयोजित किया गया। इसमे मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी खास तौर पर उपस्थित थी। उन्होंने ठंड व शीत लहर को देखते हुए लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। यह कंबल गरीबी, जरुरत मंदो व बूढ़ा बुजुर्ग को दिया गया। मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक भुनेश्वर साव जेएलकेएम जिला सचिव खगेंद्र महतो जेएलकेएम सदस्य लालन कुमार तूरी स्कूल के प्रधानाध्यापक राजकुमार किस्कू, रितलाल महतो, राजेश कुमार सिंह, उमेश कुमार महतो, धनेश्वर महतो, रामेश्वर मुर्मु पंचायत के प्रतिनिधि गोविंद किस्कू, मुन्ना बेसरा तथा स्कूल के बच्चे गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोकारो विकास फोरम ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



बोकारो। कुंवर सिंह विजय समारोह समिति बोकारो विकास फोरम एवं मजदूर बोकारो इस्पात संघ तीनों संयुक्त संस्थाओं के द्वारा एक अर्थशास्त्री व 14 वे प्रधानमंत्री स्व डॉ मनमोहन सिंह एवं 1972 बैच के आईपीएस स्व कुणाल किशोर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विभूतियों की दिवंगत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में विकास फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने प्रोफेसर से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया। वहीं दूसरी तरफ कुणाल किशोर ने 1983 में पटना में हनुमान मंदिर की स्थापना की। उनके द्वारा स्थापित महावीर सेवा ट्रस्ट के नाम से कई हॉस्पिटल चल रहे हैं। आईपीएस की नौकरी छोड़कर मानव कल्याण के लिए महावीर सेवा ट्रस्ट से गरीब दलित एवं पिछड़े वर्गों के लिए महावीर कैंसर हॉस्पिटल महावीर डायलिसिस रिसर्च सेंटर महावीर नेत्र अस्पताल चालू कर समाज में- मानव सेवा परमो धर्म को चरितार्थ किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुंवर सिंह आयोजन समिति के अध्यक्ष सहित शशिभूषण विश्वकर्मा रास नारायण सिंह शैलेंद्र सिंह धनंजय सिंह मितेश कुमार करण सुबोध सिंह सुनील सिंह महावीर शांडिली हसदा आशुतोष कुमार आरएस ठाकुर गुलाम रसूल परवेज आलम आदि उपस्थित रहे।

### सावित्रीबाई फुले का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है : अफजल दुर्रानी

बेरमो/ललपनिया। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन बोकारो जिला का सम्मेलन भाकपा आंचल कार्यालय गोमिया के समक्ष हुआ। सम्मेलन की शुरूआत महिला सशक्तिकरण देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि देकर सम्मेलनका शुरूआत किया। सम्मेलन में पिछले तीन वर्षो का समीक्षा व रिपोर्ट संगठन सदस्यता एवं आगे की रणनीति पर बल दिया गया। सम्मेलन में नए पदाधिकारीयो का चयन किया गया। जिसमें जिला के महासचिव अफजल दुर्रानी, जिला अध्यक्ष अमन प्रजापति, उपाध्यक्ष साकिबुल हसन, रानी कुमारी, सबापरी एवं 15 जिला कमेटी का सदस्य बनाया गया। दुर्रानी ने कहा कि यह सम्मेलन सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर किया जा रहा है, शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का योगदान समाज में रहा है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सम्मेलन में फरहान आदिल, प्रीति कुमारी, माही कुमारी, साजिदा फिरदौस सिकंदर कुमार रविदास आनंद कुमार तुषार मुर्मू, डोली कुमारी, रोहित तमन्ना, आनंद गुप्ता समेत दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ऑल इंडिया यादव महापरिषद के प्रदेश प्रधान महासचिव बने कंचन यादव

दुमका। विधि लिपिक संघ के महासचिव संतोष कुमार यादव उर्फ कंचन यादव को ऑल इंडिया यादव महापरिषद और ऑल इंडिया हूमैन राईटस कमेटी का प्रदेश के प्रधान महासचिव मनोनित किया गया। मनोनयन ऑल इंडिया यादव महापरिषद और ऑल इंडिया हूमैन राईटस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ त्रिमल सिंह यादव ने किया। मनोनयन से संघ ने खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर संघ संरक्षक रविचंद्र यादव, अध्यक्ष्ज्ञ एसपी सिन्हा, देवदास, नरेंद्रनाथ दुबे, भक्तीपद दास मौजूद रहे।

### ब्लड मैन सलूजा ने रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को दिया जीवनदान

बोकारो। ब्लड मैन हरवंश सिंह सलूजा ने अपने जन्मदिन के मौके पर एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के लिए रक्तदान किया। श्री सलूजा ने आज अपने जीवन का 52वां रक्तदान किया। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष हरवंश सिंह सलूजा विगत 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। इनके द्वारा अभी तक 15576 यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है। विश्व रिकॉर्ड धारक हरवंश को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो हेतु कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। सलूजा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को अपने जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ या किसी भी तरह के खुशी के मौके पर किसी न किसी रूप में दूसरों को भी खुशियां बांटने का कार्य करना चाहिए। इसी क्रम में आज मैंने रक्तदान कर एक मासूम बच्चे को जीवन दान देने की कोशिश की। मेरा मानना है अपनी खुशियों में दूसरों को खुशियां बांटना ही सर्वश्रेष्ठ जीवनशैली है। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन बीडी मिश्रा जयप्रकाश द्विवेदी बोकारो मॉल के राजा जैन ह्यूमैनिटी सेवियर्स के जयदेव राय एवं अवधेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### फुसरो मे सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गयी

बेरमो। माली-मालाकार कल्याण समिति फुसरो के तत्वाधान मे फूलमंडी मे शुक्रवार को माता सावित्री बाई फूले की जयंती घूम-घाम से मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियो ने दीप प्रज्वलित कर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान उन्हें सबसे बड़ा समाज सुधारक बताया गया। युवा व्यवसाई संघ फुसरो के सचिव बैजू मालाकार और कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि माता सावित्रीबाई फूले ने 19वीं शताब्दी में स्त्रियों के अधिकारों, अशिक्षा, छुआछूत, सती प्रथा, बाल/ विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। अपने पति दलित चितक व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले से प्रेरित होकर उन्होंने सामाजिक चेतना फैलाई। उन्होंने सबसे पहले बालिकाओं के लिए विद्यालय शुरू किया। इस मौके पर लछमण मालाकार ने कहा कि सावित्रीबाई फूले देश में महिला शिक्षा क्रांति की ज्योति थी।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन



बेरमो। श्रधैय स्वर्गीय हरिकला देवी (नेपाली चाची) की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, बेरमो प्रखण्ड द्वारा गायत्री मंदिर, सुभाष नगर मे श्रधांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का किया गया। जिसमें रेड क्राश सोसायटी, बोकारो ने 38 युनिट ब्लड का कलेक्शन किया। इस पुनित कार्य मे बेरमो प्रखण्ड समन्वयक रघुनन्दन बरनवाल, युवा प्र. समन्वयक जितेंद्र चौहान, युवा प्रकोष्ठ उपसमन्वयक विनय बरनवाल, संजय सिंह, जय बहादुर थापा, मनोज विश्वकर्मा, नन्दू विश्वकर्मा, शिव प्रसाद, उपेन्द्र साव हरिद्वार सिंह, बाबु सेठ, चन्द्रावती देवी, इन्दु कुमारी, गीता कुमारी, आओ गढे संस्कारवान पीढ़ी उपसमन्वयक अर्चना बरनवाल, अर्पना चक्रवर्ती, सुनीता देवी, जानकी कुमारी, रेवा राम, डेगलाल महतो, मुकेश मिश्रा, महेन्द्र चौधरी, शरद अग्रवाल, राणाजी, पिंटू बरनवाल, मनोज केडिया, मंच सिंह, रिषी राज, पियुष बरनवाल, कैलाश बरनवाल, ममता केडिया, निशा सोनी बरनवाल, इत्यादि उपस्थित रहे। रेड क्राश सोसायटी बोकारो के डॉ गणेश साव, रंजन कुमार,विकास कुमार, चुरामन महतो, राज महथा, ओमप्रकाश कुमार,इशिका कुमारी द्वारा केम्प किया गया। सभी रक्तदाताओं को दुध के साथ नाश्ता दिया गया। साथ ही ध्यान, यज्ञ का कार्यक्रम हुआ, भोग मे अमृतासन (खिचड़ी) की व्यवस्था थी।

### दिसोम मांझी थान में पांच जनवरी को मनेगा सोहराय पर्व

दुमका। दिसोम मांझी थान परिसर में दिसोम सोहराय पर्व मनाने को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विशाल मरांडी ने किया। बैठक में 05 जनवरी को दिसोम सोहराय पर्व आयोजन की तैयारी की समीक्षा किया गया। इस अवसर पर संताल परगना के आतो होड़, मांझी बाबा आने की उम्मीद है। सभी को पारंपरिक वेश भूषा में आने को कहा गया। इस दिन सुबह सात बजे से गोंड पूजा, साढ़े 12 से अतिथि स्वागत एवं 1:30 से प्रसाद ग्रहण और नृत्य-संगीत का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र सोरेन, बीनीलाल टुडू, निलेश हांसदा, सीताराम सोरेन, स्टेनली हेंब्रम, बैजनाथ हांसदा, अमर मारंडी, लेंद मुर्मू, मोहन टुडू आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद के पूर्व सांसद फुरकान की कोर्ट में हुई पेशी

दुमका। जमीन विवाद में कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम के मोहित चौधरी के अदालत में शुक्रवार को पेशी हुई। जहां इस केस में सूचक के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि इस मामले में वह उच्च न्यायालय गये है और दो आवेदन पूर्व में न्यायालय में दिया गया है। जब तक इसकी सुनवाई नहीं हो जाती है, तब तक इस केस में बयान दर्ज नहीं किया जाये। यह मामला मधुपुर की एक जमीन विवाद से जुड़ा है। जिसमें वर्तमान में बीएसएनएल का टावर लगा है। जिस पर फुरकान का कब्जा है। विपक्षी पार्टी द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।

### आंदोलनकारियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बोकारो। झारखंड/वनांचल आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले बोकारो डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लंबित पेंशन ससमय पेंशन का भुगतान पेंशन राशि में बढ़ोतरी फोटो युक्त पहचान पत्र सरकारी सुविधाएं स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अपनी अन्य मांगों के संबंध में अविलंब निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है।

# विस्थापितों को वाजिब अधिकार से वंचित नही किया जायेगा : जीएम

6 जनवरी से अनिश्चितकालीन होगा चक्का जाम

**सीसीएल प्रबंधन के साथ विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की वार्ता विफल**





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शुक्रवार को बीएंडके के करगली कल्याण मंडप में ढोरी, बीएडके व कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन नें विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति द्वारा घोषित 6 जनवरी से अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन के मद्देनजर समिति के नेताओं से वार्ता हुई। सीसीएल मुख्यालय रांची से आये महाप्रबंधक (राजस्व पदाघिकारी) एस के झा, जीएम (पी एन्ड आई आर) नवनीत कुमार और चीफ मैनेजर पर्सनल अंतानु चौघरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। महाप्रबंधक बीएंडके चित्तरंजन कुमार नें समिति के नेताओं से आग्रह किया कि 6 जनवरी से होनेवाले चक्काजाम आंदोलन वापस ले लें। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत मे सीसीएल मुख्यालय रांची मे वार्ता के लिए जल्द पत्र निर्गत की जाएगी। सीसीएल प्रबंधन विस्थापितों के हित में काम कर रहा है। किसी भी विस्थापित को वाजिब अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रहित में कोयला उत्पादन कराने के लिए विस्थापित अपनी जमीन सीसीएल को उपलब्ध कराएं। उन्हें नियम के तहत मुआवजा, नियोजन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि विस्थापतो को कंपनी के आर-आर पॉलिसी के तहत नौकरी, पुनर्वास और मुआवजा दिया जाएगा। सीएसआर योजना से गांवों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विस्थापितों को पेप कार्ड निर्गत कर चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। समिति के महासचिव काशीनाथ केवट, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद महतो व काशीनाथ सिंह और जेकेएलएम नेत्री पूजा महतो ने कहा कि विस्थापित नीति के तहत प्रबंधन प्रभावित जमीन मालिकों को वाजिब अधिकार दें। इसमें भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोलियरी विस्तार में सभी का सहयोग है लेकिन नियोजन नीति के अनुसार मुआवजा, रोजगार सहित अन्य सुविधा होनी चाहिए। कहा कि सीसीएल प्रबंधन दो दिनो मे दस सूत्री मागो पर सकारात्मक वार्ता कर हमारी मांगो को मान लेती है तो ठीक है। अन्यथा 6 जनवरी से बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के तीनो एरिया का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में प्रबंधन की और से एसओपी विनय कुमार टुडू, पीओ के एस गैवाल व सुघीर कुमार सिंहा, जयशंकर प्रसाद, शैलेश कुमार, पी एन सिंह विस्थापितों की और से समिति के धनेश्वर महतो, गोपाल मंडल, सोहनलाल मांझी, लाल मोहन महतो, चिंतामणी महतो, मोहन महतो, आशीष पाल, चंदन राम, पुनेशवर महतो, अशोक महतो, संजय मल्लाह, संजय चौघरी, काली सिंह, लालमोहन यादव, बैजनाथ महतो, नेहाल महतो आदि शामिल हुए।

# दुमका : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार समेत दो की मौत, 1 घायल



शव का पोस्टमार्टम कराने ले जाते परिजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया पथ पर विजयपुर के पास घटी। जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर से खलासी गिर कर घायल हो गया। जिसमें ट्रैक्टर का चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया।

इलाज के लिए गंभीर अवस्था में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के आमजोला गांव निवासी सुकोल मरांडी है। दूसरी घटना जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य पथ पर लगला गांव के पास घटी। जहां अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चालक और सवार दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।

जहां बाइक सवार जिले के जामा थाना क्षेत्र के गजड़ा गांव निवासी रॉकी ततवा की मौत हो गई। जबकि घायल बाइक चालक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए देवघर ले गए। दोनों शव को नगर थाना पुलिस पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# दुमका : सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने गुलाब फुल भेंट कर यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों को जागरूक करते सड़क सुरक्षा समिति सदस्य।

**दुमका।** सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों व सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों ने डीसी चौक पर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान डीटीओ जयप्रकाश करमाली के नेतृत्व व निर्देशन में चलाया गया। अभियान चला बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें उनकी गलतियों का आभाष दिलाते हुए भविष्य में बिना हेलमेट बाइक ड्राइविंग नहीं करने की सलाह दी गई। दूसरी ओर मोटरसाइकिल में हेलमेट रहते हुए भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट के नहीं प्रयोग करने पर उन्हें चेतावनी दी गई। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर ध्यान देते हुए चालकों को दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर डीटीओ ने कहा कि आज कल छोटे छोटे उम्र के बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के ही वाहनों की ड्राइविंग करते हैं। जो नियमानुसार अपराध है। इतना ही नहीं एक हाथ से बाइक की हैंडल और दूसरे हाथ में मोबाइल से बातें करते हुए भी उन्हें वाहनों की ड्राइविंग करते हुए देखा जाता है। जो दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन पर गाने सुनना और बाइक चलाना दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जब तक उनके बच्चे निर्धारित उम्र के नहीं हो जाते, किसी भी सूरत में उनके हाथों में बाइक नहीं दें। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के बाइक या चार पहिया वाहन या फिर अन्य तरह के वाहन परिचालन के लिए उन्हें प्रोत्साहित नहीं करें। इस दौरान पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं को भी बिना हेलमेट वाहन की ड्राइविंग पर टोक सचेत किया गया। कई कम उम्र के बच्चों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए आगे ऐसी गलती नहीं दुहराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार घोष, डॉ अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, प्रदीप्तो बनर्जी, प्रधान सहायक त्रिलोकीनाथ मिश्रा, जिला प्रबंधक दीपक कुमार, कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार ने जागरूकता अभियान में भाग लिया।

# बीएसएल द्वारा आयोजित हाफ मैराथन में दो फरवरी को दौड़ेगा बोकारो




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में 2 फरवरी को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है।

स्थानीय सेक्टर 4 स्थित मोहनकुमार मंगलम स्टेडियम में एक प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि हेल्दी बोकारो हैप्पी बोकारो की थीम के तहत आयोजित 2 किलोमीटर के हाफ मैराथन में 600 से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

मैराथन की तीसरी श्रृंखला में 20 जनवरी तक 4000 रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य निर्धारित है। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीएसएल के सीजीएम नगर सेवाएं कुंदन कुमार, संचार प्रमुख मणिकांत धान, वित्त एवं लेखा विभाग के जीएम कृष्ण चंद नगर सेवा के जीएम अविनाश कुमार, जनसंपर्क के वरीय प्रबंधक अभिनव शंकर सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गोड्डा : सावित्री बाई फुले को याद कर दी गयी श्रद्धांजली

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला कमिटी गोड्डा ने कुशवाहा भवन गुलजार बाग में शुक्रवार को महासचिव सह कल्याणी पंचायत मुखिया कुशवाहा कुन्दन वैद्य की अध्यक्षता में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई। मौके पर प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुशवाहा अमरेन्द्र कुमार अमर, युवा अध्यक्ष कुशवाहा मनोज मंडल, युवा कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा त्रिवेणी माल, कुशवाहा नारायण कापरी आदि दर्जनों समाज के लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने इनके विचारों को विस्तार से चर्चा करते हुए कुशवाहा समाज को इनके पद चिन्हों पर आगे आने का आग्रह किया। वहीं प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर विचार रखते हुए कहा आज से कुशवाहा समाज के सभी लोग अपने-अपने नाम के पहले कुशवाहा लगाने से इनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## पेज एक का शेष

### तीन यात्रियों की ...

**रांची जा रही थी बस :** जानकारी के अनुसार बस मेदिनीनगर से रांची जा रही थी। एक वाहन से ओवरटेक करने के दौरान सामने से रहे ट्रक से जोरदार भिड़ गयी। भीषण टक्कर के बाद अफरातफरी और चीख पुकार मच गयी। खबर मिलते ही पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भेजा। हादसे के कारण करीब ढाई घंटे तक रोड जाम रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इन्हें रिम्स भेजा गया :** रोजनी बीबी, सतबरवा पलामू, फिरोज अंसारी मनातू, पलामू, शशि पांडेय छपरवार खूर्द मेराल जिला गढवा,अंकित कुमार एटा, यूपी। मृतक रियायत मियां की पत्नी रोजनी बीबी का दाहिना पैर टूट गया है।

### दिल्ली वासियों पर ...

यह वर्ष युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने का होगा। यह वर्ष कृषि क्षेत्र में नये कीर्तिमानों का होगा। यह वर्ष महिला नेतृत्व विकास के हमारे मंत्र को नई ऊंचाई देने का होगा। यह वर्ष जीवन जीने में आसानी और जीवन स्तर बढ़ाने का होगा। उन्होंने कहा साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। पीएम मोदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा, जब देश उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा था, इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष कर रहा था, तब मैं और मेरे कई साथी भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे। उस दौरान अशोक विहार मेरा निवास स्थान था और आज भी अशोक विहार जाने पर पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं।

